Title Code :- RAJHIN27855

दैनिक

# द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 | अंक:252 | मूल्य: 3 रू | पेज: 8 | जयपुर, रविवार/ 5 अक्टूबर /2025 | जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, सिरोही से प्रसारित)

## संक्षिप्त समाचार

### अब मोरक्को में जेनजी का गुस्सा भड़का, कहा- हॉस्पिटल नहीं और वर्ल्ड कप पर 10 अरब डॉलर फूंक रहे

**रबात।** उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में स्वास्थ्य और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर भड़का GenZ आंदोलन हिंसक हो गया। राजधानी रबात में प्रदर्शनकारियों ने बैंक फूंक दी। कई दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ की। आगादिर शहर में पुलिस की गोली से 3 युवाओं की मौत हो गई। वहीं एक हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। 354 लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी हैं। मंत्रालय के मुताबिक, लगभग 70% प्रदर्शनकारी नाबालिग थे। मोरक्को की सरकार 2030 फीफा वर्ल्ड कप और अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए 10 अरब डॉलर (करीब 8.8 लाख करोड़ रुपए) खर्च कर रही है। जबकि देश में सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की भारी कमी है। CNN के मुताबिक युवाओं के नेतृत्व वाले इस विरोध आंदोलन को GenZ 212 कहा जा रहा है। 212 मोरक्को के इंटरनेशनल टेलीफोन डायलिंग कोड है। विदेश से मोरक्को में किसी को कॉल करने पर नंबर के पहले +212 लगाते हैं।



नेपाल की तरह भी मोरक्को में भी विरोध प्रदर्शन करने वाले युवाओं का कोई लीडर नहीं है। लोग सोशल मीडिया के जरिए से रैली कर रहे हैं। मोरक्को में बेरोजगारी दर 12.8% है, जिसमें युवा बेरोज़गारी 35.8% और स्नातकों में 19% तक पहुंच गई है। मोरक्को में 1430 लोगों पर एक डॉक्टर है, जो दुनिया के औसत (590) से ढाई गुना कम है। आगादिर के हसन-2 हॉस्पिटल में 8 महिलाओं मौत हो गई। इसे 'डेथ हॉस्पिटल' कहा जा रहा है।

### अफगान सीमा पर तालिबान और पाकिस्तानी सैनिकों में फायरिंग, बाड़ लगा रह थी पाक सेना

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर एक बार फिर तालिबान लड़ाकों और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच फायरिंग हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 7 बजे अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के नरई जिले में डोकलाम इलाके में दोनों तरफ से फायरिंग हुई। यह गोलीबारी कई घंटों तक रुक-रुक कर जारी रही। दरअसल, पाकिस्तानी सैनिक बॉर्डर पर बाड़ लगा रहे थे। तालिबान ने इसका विरोध किया और देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। पाकिस्तानी सैनिकों ने आरोप लगाया कि इलाके में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) के लड़ाके मौजूद हैं, इसलिए उन्होंने कार्रवाई की। अभी तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है। पाकिस्तान का कहना है कि अफगान तालिबान TTPको पनाह देता है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान में इस समय TTP के करीब 6000 लड़ाके मौजूद हैं। यह पहली बार नहीं है जब दोनों देशों के बीच गोलीबारी हुई हो। मई 2025 में बरमाचा बॉर्डर इलाके में भी इसी तरह का हिंसक टकराव हुआ था। वहीं, दिसंबर 2024 में अफगान तालिबान और टीटीपी ने मिलकर पाकिस्तान के सरहदी इलाकों पर हमला किया था, जिसमें पाकिस्तानी सेना के करीब 19 जवान मारे गए थे।

### कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी, गुलमर्ग-सोनमर्ग में पहाड़ की चोटियां सफेद हुईं

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** कश्मीर में शुक्रवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में पहाड़ों की चोटियां सफेद हो गई हैं। एक तरफ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, तो श्रीनगर सहित अन्य मैदानी इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग (IMD) ने गुरुवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर में 5-7 अक्टूबर तक भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, इससे पहले ही बर्फबारी और बारिश हो गई। इससे पर्यटकों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों के बीच त्योहार जैसा माहौल हो गया है। इधर, बिहार और छत्तीसगढ़ में आज भारी बारिश की आशंका के चलते रेड अलर्ट है। IMD ने बिहार के सभी 38 जिलों और छत्तीसगढ़ के 28 जिलों में तेज बारिश की आशंका जताई है। बिहार के कई जिलों में गुरुवार को भी जमकर बारिश हुई। इससे दुर्गा पंडालों में 2-3 फीट तक पानी भर गया। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है। बारिश का दौर 6 से 7 अक्टूबर तक रहेगा। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में आज सुबह भारी बारिश के साथ ओले गिरे। हिमाचल के धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं में कल रात हल्की बर्फबारी हुई थी। इससे धर्मशाला में आज न्यूनतम तापमान 14 से 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम बदलने से जल्द ही हिमाचल प्रदेश में सर्दी का मौसम शुरू हो जाएगा।



### लेह हिंसा-वांगचुक की पत्नी की सुप्रीम कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने अपने पति की रिहाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। गीतांजलि जे अंगमो ने वांगचुक को तुरंत रिहा करने की मांग करते हुए हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) याचिका लगाई है। डॉ. अंगमो ने 2 अक्टूबर को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की। उन्होंने दावा किया कि उनके पति की गिरफ्तारी अवैध है। अंगमो ने यह आरोप भी लगाया कि दिल्ली में हर जगह उनका पीछा किया जा रहा है। उनके एक कर्मचारी को भी हिरासत में रखा गया है। वांगचुक फिलहाल जोधपुर की जेल में हैं, उन्हें 24 सितंबर को लेह हिंसा भड़काने के आरोप में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। हिंसा में 4 लोग मारे गए थे। सोनम के अलावा लेह की स्थानीय जेल में बंद 56 आंदोलनकारियों में से 26 को 2 अक्टूबर को छोड़ दिया गया। इन पर गंभीर धाराएं नहीं थीं। 30 लोग अभी जेल में हैं। गीतांजलि ने X पर एक पोस्ट में लिखा- आज एक हफ्ता हो गया है। अभी भी मुझे सोनम की सेहत, उनकी हालत और नजरबंदी के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अंगमो ने वकील सर्वम ऋतम खरे के जरिए दायर याचिका में वांगचुक की हिरासत को चुनौती दी है। साथ ही उनकी तुरंत रिहाई की मांग की है।

### जुबीन गर्ग मौत केस-सिंगापुर ने भारत को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सौंपी, अब तक 4 गिरफ्तार

**गुवाहाटी/सिंगापुर।** जुबीन गर्ग मौत मामले में सिंगापुर पुलिस ने भारतीय हाई कमीशन को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सौंपी है। 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान जुबीन की मौत हो गई थी। इधर, असम पुलिस ने सिंगर जुबीन गर्ग की मौत से जुड़े मामले में गुरुवार को संगीतकार शेखर ज्योति गोस्वामी और सिंगर अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार किया है। गोस्वामी और अमृतप्रभा, जुबीन की म्यूजिक टीम का हिस्सा थे। घटना के वक्त दोनों सिंगापुर में थे और मौके पर मौजूद थे। गोस्वामी और अमृतप्रभा को पूछताछ के लिए बुलाया गया और बाद में गिरफ्तार कर लिया। मामले में अब तक 4 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। PTI के सूत्रों के अनुसार, पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें उनके खिलाफ कुछ सबूत मिले हैं। इसलिए आगे जांच के लिए उनकी गिरफ्तारी जरूरी थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गोस्वामी और महंत 19 सितंबर को सिंगापुर में यॉट पार्टी में जुबीन के साथ थे। SIT सूत्रों के मुताबिक, वीडियो में गोस्वामी गर्ग के बहुत करीब तैरते दिखाई दिए, जबकि अमृतप्रभा ने पूरी घटना अपने मोबाइल पर रिकॉर्ड की थी। इससे पहले, असम पुलिस ने जुबीन गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के ऑर्गनाइजर श्यामकानु महंत को भी गिरफ्तार किया था। दोनों को 1 अक्टूबर को दिल्ली से गुवाहाटी लाया गया। असम पुलिस के क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (CID) के स्पेशल DGP मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि अदालत ने दोनों को 14 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। जांच चल रही है। हमने FIR में अब BNS का सेक्शन 103 भी जोड़ दिया है। BNS की सेक्शन 103 हत्या के लिए सजा तय करती है। इसमें हत्या करने वाले को फांसी या उम्रकैद के साथ जुर्माने का प्रावधान है। पुलिस के मुताबिक शर्मा और महंत के खिलाफ पहले BNS की अलग-अलग धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया, जिसमें हत्या की कोशिश से मौत, आपराधिक साजिश और लापरवाही से मौत शामिल हैं।

# पाकिस्तानी पुलिस ने प्रेस क्लब में घुसकर पत्रकारों को पीटा

## पीओके में हिंसा को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, गृहमंत्री ने जांच के आदेश दिए

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में इस्लामाबाद के प्रेस क्लब पर गुरुवार को पुलिस ने अचानक छापा मारा और वहां प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों और लोगों पर हमला किया। यह प्रदर्शन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में अत्याचारों और इंटरनेट ब्लैकआउट के खिलाफ हो रहा था। इस घटना के बाद पूरे पाकिस्तान में नाराजगी जाहिर की गई। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रहे हैं। इस बीच पुलिस का कहना है कि उन्होंने पत्रकारों को गलती से निशाना बनाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह तब हुआ जब PoK की स्थिति को लेकर प्रेस क्लब के बाहर विरोध प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए पुलिस पहुंची। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प शुरू हो गई। कुछ प्रदर्शनकारी भाग कर प्रेस क्लब में घुस गए। पुलिस उनका पीछा करती हुई प्रेस क्लब के अंदर चली गई। अंदर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू किया और पत्रकारों ने जब मोबाइल और कैमरे से रिकॉर्ड करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया। प्रेस क्लब के कम से कम दो फोटोग्राफर और तीन कर्मचारी घायल हुए। कई पत्रकारों के कैमरे और मोबाइल तोड़ दिए गए।



**गृह राज्य मंत्री ने पत्रकारों से माफी मांगी:** पुलिस हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद व्यापक आक्रोश फैल गया। वरिष्ठ पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। गृह मंत्री ने घटना की जांच का आदेश दिया। नकवी ने यह भी कहा कि पत्रकारों पर हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों से माफी मांगी। चौधरी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से बदसलूकी की थी और पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए क्लब के भीतर चली गई, लेकिन वहां पत्रकारों के साथ झड़प हो गई। उन्होंने पत्रकारों से कहा, "आपकी आवाजें ही हमें जनता तक पहुंचाती हैं, हम बोलने की आजादी के समर्थक हैं।"

**POK में सब्सिडी कटौती के विरोध में प्रदर्शन:** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (POK) में बुनियादी जरूरतों पर सब्सिडी कटौती के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। ये प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (JKJAAC) की अपील पर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का हुजूम आज PoK की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च कर रहा है। इन्होंने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें PoK विधानसभा की 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग शामिल है।

# भारत ने पाकिस्तानी सेना पर बर्बरता का आरोप लगाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



◆ कहा- पीओके में निर्दोष लोगों को निशाना बना रही

भारत ने पाकिस्तान पर PoK (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) में मासूम लोगों पर हमले करने का आरोप लगाया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर कहा कि पाकिस्तानी सेना निर्दोष लोगों पर बर्बरता कर रही है।

जायसवाल ने बताया हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं। यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों से संसाधनों की लूट का नतीजा है। PoK पर उसका जबरन और अवैध कब्जे है। पाकिस्तान को उसके मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। दरअसल, PoK में पिछले 5 दिनों से बुनियादी जरूरतों पर सब्सिडी कटौती के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। इन प्रदर्शनों में अब तक 12 लोगों की मौत हुई है। भारत ने कहा है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम है। दरअसल बांग्लादेश के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने पिछले हफ्ते खगराछारी में हुई हिंसा के लिए भारत पर आरोप लगाए थे।

इन आरोपों पर जायसवाल ने कहा कि हम इन झूठे और निराधार आरोपों को खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार को किसी और पर दोष मढ़ने की आदत है। जासयवाल ने बांग्लादेश को चटगांव के पहाड़ी इलाकों में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और जमीन हड़पने वाले कट्टरपंथियों की जांच करने की सलाह दी।

# चैतन्यानंद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। चैतन्यानंद की पांच दिन की पुलिस हिरासत आज खत्म हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट लेकर पहुंची थी। वहीं, कोर्ट ने चैतन्यानंद ने 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें उसकी चीजों की सूची, केस की जानकारी, संन्यासी के खाने-पीने, कपड़े, दवाइयां और किताबें देने की बात शामिल है। इधर, दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद की तीन करीबी महिला सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में महिला सहयोगियों ने माना कि उन्होंने चैतन्यानंद के कहने पर छात्राओं पर दबाव बनाया। NDTV की रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं में श्री शारदा इंस्टीट्यूट की श्वेता शर्मा (एसोसिएट डीन), भावना कपिल (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) और काजल (सीनियर फैकल्टी) शामिल हैं। इन तीनों पर अपराध में बाबा का सहयोग, शिकायतकर्ताओं को धमकाने और सबूत नष्ट करने के आरोप हैं। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा में एक गेस्ट हाउस में चैतन्यानंद महिला छात्रों के साथ रुका था। वहां के स्थानीय लोगों ने भी इसकी पुष्टि की है। वहीं, पुलिस को चैतन्यानंद के फोन से डिजिटल सबूत भी मिले हैं। इनमें वह एक वॉट्सएप ग्रुप में छात्राओं की फोटो पर आपत्तिजनक कमेंट कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, बढ़ते सबूतों के बावजूद चैतन्यानंद ने कोई पछतावा नहीं दिखाया।



# हरियाणा में एमबीबीएस एंट्रेंस एग्जाम में घोटाले का आरोप, हाईकोर्ट का केंद्र-रोहतक पीजीआई को नोटिस

**एजेंसी, चंडीगढ़**

हरियाणा में MBBS प्रवेश प्रक्रिया एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। पिछले साल की तरह दाखिले में घोटाले का आरोप लगाया गया है। देव धारीवाल और अन्य अभ्यर्थियों ने नियमों के खिलाफ प्रवेश देने पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कोर्ट को बताया गया कि इस वर्ष भी प्रवेश प्रक्रिया में धांधली कर पात्र उम्मीदवारों को बाहर कर दिया गया और सीटों का आवंटन नियमों के विपरीत किया गया है। याची पक्ष के वकील प्रदीप सौलथ ने बेंच को बताया कि याचिकाकर्ता दिव्यांग पूर्व सैनिकों के आश्रित हैं और उन्होंने पूर्व सैनिक कोटे के तहत एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन किया था, लेकिन प्रवेश कमेटी ने अवैध रूप से पूर्व सैनिकों की निर्धारित सीटों को स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों के नाम कर दिया। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह पूरी तरह से सरकार की अधिसूचनाओं के विरुद्ध है। इस साल नीट परीक्षा 2025 में हरियाणा से 60 हजार 687 छात्रों ने पंजीकरण कराया था और परीक्षा दी थी।

**सरकार पूर्व सैनिक कोटे की सीटों का नियम बना चुकी:** प्रदीप सोलथ ने कोर्ट को बताया कि हरियाणा सरकार ने 27 अक्टूबर 2021 और 20 अप्रैल 2022 की अधिसूचनाओं में साफ कर दिया था कि केवल वे सीटें, जो पूर्व सैनिक कोटे से रिक्त रह जाएं, उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को दिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, स्वतंत्रता सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र केवल हरियाणा के मुख्य सचिव द्वारा जारी किया जाना चाहिए। इसके बावजूद प्रवेश कमेटी ने कई संदिग्ध और कथित रूप से झूठे प्रमाण पत्रों को स्वीकार कर लिया।





**याचिका में ये दिए गए तर्कः** याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि आजादी के 78 वर्ष बाद किसी स्वतंत्रता सेनानी का पोता या पोती 18 वर्ष की आयु का होना संभव नहीं है। ऐसे में प्रस्तुत किए गए अधिकांश आश्रित प्रमाण पत्र अविश्वसनीय प्रतीत होते हैं। उन्होंने कमेटी पर आरोप लगाया कि वास्तविक पात्र उम्मीदवारों को वंचित कर ऐसे फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सीटें बांटी गईं। याचिका में यह भी कहा गया है कि प्रवेश कमेटी ने ईडब्ल्यूएस-दिव्यांग श्रेणी की रिक्त सीटों को भी संबंधित पात्र उम्मीदवारों को देने के बजाय सामान्य ईडब्ल्यूएस आवेदकों को आवंटित कर दिया। इससे कई दिव्यांग अभ्यर्थी प्रवेश के अधिकार से वंचित रह गए।

❑ पूर्व सैनिकों की रिजर्व सीटें स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों को दी

**केंद्र और रोहतक पीजीआई को नोटिसः** पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार और पीजीआई रोहतक की प्रवेश कमेटी को नोटिस जारी कर विस्तृत जवाब देने के लिए तलब किया है। अदालत ने पूछा है कि नियमों की स्पष्ट व्याख्या होने के बावजूद सीटों का गलत आवंटन क्यों किया गया और फर्जी प्रमाण पत्रों को किस आधार पर स्वीकार किया गया।

# संभल में नमाज पढ़ी, फिर खुद मस्जिद तोड़ने लगे, बरेली में इंटरनेट बंद, काशी में कमांडो उतरे

**एजेंसी, लखनऊ**

यूपी में जुमे की नमाज शांति पूर्वक पढ़ी गई। हालांकि प्रदेश में हाई अलर्ट है। बरेली में पिछले जुमे को हुए बवाल के बाद संवेदनशील इलाकों को छावनी में तब्दील कर दिया गया। यहां करीब 10 हजार जवान तैनात किए गए। SSP-DM सड़कों पर उतरे। कल ही दोबारा इंटरनेट बंद कर दिया था। ड्रोन से भी निगरानी की गई। काशी में कैंट रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर ATS कमांडो ने मॉक ड्रिल की।

कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी में भी पुलिस सड़कों पर फ्लैग मार्च करने उतरी। गोंडा में आईजी रेंज ने खुद सड़क पर उतरकर सुरक्षा तैयारियां देखीं। संभल में जामा मस्जिद के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रही। यहां राया बुजुर्ग गांव में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद लोग खुद तोड़ रहे हैं। शुक्रवार को यहां लोगों ने जुमे की नमाज पढ़ी। नमाज खत्म होने के बाद फिर से हथौड़ा-छैनी चलाने लगे। प्रदेश के सभी 75 जिलों में पुलिस अलर्ट है। दरअसल, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से 3 अक्टूबर को भारत बंद का आह्वान किया गया था। हालांकि, बाद में त्योहारों को देखते हुए इसे वापस ले लिया गया था।



यूपी में जुमे पर हाईअलर्ट

**बवाल के बाद बरेली में ज्यादा अलर्टः** बरेली में पिछले जुमे पर 'आई लव मोहम्मद' मामले को लेकर बवाल हुआ था। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (IMC) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने 'आई लव मोहम्मद' पर हुई एफआईआर के खिलाफ रैली बुलाई थी। प्रशासन ने इसकी परमिशन नहीं दी थी। सख्ती के बावजूद कई जगह बवाल हुआ। पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस को कुछ इनपुट मिले थे, जिसके बाद 2 अक्टूबर को ही इंटरनेट बंद कर दिया गया। पुलिस ने दावा किया था कि बरेली में बवाल करने की साजिश थी। मास्टरमाइंड मौलाना तौकीर रजा है। बरेली बवाल को लेकर अब तक कुल 10 FIR दर्ज की गईं। 2500 उपद्रवियों में 200 नामजद किए गए। अब तक उपद्रव करने वाले 81 लोगों को जेल भेजा जा चुका है।

# करूर भगदड़- सीबीआई जांच की मांग वाली याचिकाएं खारिज

**एजेंसी, मदुरै**

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच शुक्रवार को करूर भगदड़ से जुड़े मामले की सुनवाई की। जहां कोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। वहीं, अतिरिक्त मुआवजा राशि की मांग वाली याचिका पर स्टालिन सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा- याचिकाकर्ता कोई पीड़ित नहीं, बल्कि एक पार्टी का नेता है। किसी एक व्यक्ति ने गलती की है, इसका मतलब यह नहीं कि पूरी जांच ही खत्म हो जाएगी। उन लोगों के बारे में सोचें जिन्होंने अपनी जान गंवाई।अगर कोई पीड़ित हमारे पास आता है तो हम उसकी मदद के लिए आएंगे। दरअसल, तमिलनाडु के करूर में 27 सितंबर को एक्टर विजय की रैली में भगदड़ मची थी। जिसमें 41 लोग मारे गए थे और 100 से ज्यादा घायल हुए थे।



◆ मदुरै बेंच बोली- पूरी जांच खत्म नहीं कर सकते

इस मामले से जुड़ी 7 जनहित याचिकाएं जस्टिस एम. धंदपानी और जस्टिस एम. जोतिरमन की दशहरा वेकेशन बेंच में लिस्ट की गईं थीं। अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी। मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस एन सेंथिल वी कुमार ने टीवीके नमक्कल जिला सचिव एन सतीश कुमार की अग्रिम जमानत की मांग वाली याचिका भी खारिज कर दी।

# मनीषा डेथ मिस्ट्रीः मोबाइल कॉल डिटेल खोलेगी राज

**एजेंसी, भिवानी**

भिवानी के गांव ढाणी लक्ष्मण निवासी लेडी टीचर मनीषा (19) की मौत की जांच कर रही CBI फिर भिवानी लौट रही है। इस बार दिल्ली एम्स से मनीषा के शव की बिसरा रिपोर्ट और मोबाइल कॉल डिटेल लेकर आ रही है। इस केस में CBI तीन अहम सबूत जुटा रही है। पहली, बिसरा रिपोर्ट, दूसरी मनीषा के मोबाइल की कॉल व डेटा डिटेल और क्राइम स्पॉट की फोरेंसिक रिपोर्ट। इसके अलावा मौके के गवाहों, परिजन, स्कूल, नर्सिंग कॉलेज संचालकों व दवा विक्रेता से 2 से 4 बार पूछताछ हो चुकी है।

मनीषा के पिता संजय ने दैनिक भास्कर एप को बताया कि CBI अफसरों का फोन आया था। जिन्होंने बताया कि अब सभी रिपोर्ट के साथ आ रहे हैं। मनीषा के शव का 3 बार पोस्टमॉर्टम हुआ। पहली बार भिवानी के सिविल अस्पताल में, फिर रोहतक पीजीआई में और आखिरी बार दिल्ली एम्स में। एम्स की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं हुई है।



पोस्टमॉर्टम के बाद डॉक्टर्स ने बिसरा सैंपल भिवानी पुलिस को सौंप दिए थे। पुलिस ने इन्हें सुनारिया लैब में प्रिजर्व रखा और बाद में CBI को सौंपा था। इन्हीं सैंपलों की जांच एम्स में करवाई गई, जिसकी रिपोर्ट अब आ रही है।

# 'भारत अब संयम नहीं रखेगा, आगे की कार्रवाई करेगा'

**एजेंसी, जयपुर**

श्रीगंगानगर में आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- जिस तरह से भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में संयम रखा है, अबकी बार भारत ये संयम नहीं रखेगा। इस बार हम आगे की कार्वाई करेंगे और कुछ इस तरह की कार्वाई करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं। अगर पाकिस्तान को भूगोल में अपनी जगह बनानी है, तो उसे अब आतंकवाद को संरक्षण देना बंद करना पड़ेगा। सेना प्रमुख ने जवानों से कहा कि अब आप अपनी पूरी तैयारी करके रखें, अगर भगवान ने चाहा तो जल्द ही ये मौका मिलेगा। सेना प्रमुख शुक्रवार सुबह घड़साना के गांव 22 एमडी में आर्मी छावनी पहुंचे थे।

न्यूज एजेंसी PTI के अनुसार आर्मी चीफ ने कहा ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर हमारी जिंदगी से इस तरह से जुड़ गया है कि जब तक हम जीवित रहेंगे, तब तक यह हमारे साथ रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिया गया था और ये ऑपरेशन महिलाओं को समर्पित था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के साथ लोगों को भी सफलता का श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि इस देश की कोई भी महिला अपनी मांग में सिंदूर लगाती है तो उस समय वो भारतीय सेना के जवानों को याद करती है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार आतंकवाद के खिलाफ जो ऑपरेशन सिंदूर किया गया है, पूरे ऑपरेशन का नाम एक ही रखा गया था, जबकि इससे पहले जो भी ऑपरेशन किए गए हैं, उनके नाम अलग-अलग हुआ करते थे।



❑ पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा, भूगोल में रहना है या नहीं

**ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों के 9 ठिकाने नष्ट किएः** सेना प्रमुख ने कहा- पहलगाम में आतंकी हमला होने के बाद जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। उस समय पूरा विश्व भारत के साथ जुड़ गया था। पूरे विश्व ने इस आतंकी हमले की निंदा की थी। उन्होंने कहा- भारत ने पाकिस्तान में 9 टारगेट हिट किए थे, इनमें से 7 आर्मी ने और 2 वायु सेना की ओर से हिट किए गए थे।

**भारत ने सबूत पूरी दुनिया को दिखायाः** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- जिन आतंकी ठिकानों को भारत ने खत्म किया था, उनका सबूत भी पूरी दुनिया को दिखाया है। अगर भारत सबूत नहीं दिखाता तो पाकिस्तान इन सबको छुपा लेता। उन्होंने कहा कि इस बार भारत पूरी तैयारी के साथ है।

# शरद पूर्णिमा पर कोटड़ा धाम बालाजी में भक्ति का महासमारोह – सैकड़ों भक्त होंगे शामिल

द डेस्प्रिंग

**सीकर ।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर रैवासा पहाड़ी स्थित श्री कोटड़ा धाम बालाजी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का सागर उमड़ेगा। मंदिर के महंत श्री गोपाल दास जी ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात को मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों भक्तों के पहुंचने की संभावना है। महंत ने बताया कि सोमवार रात्रि 8:15 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।



इसमें स्थानीय और बाहर से आए भजन मंडल बालाजी के भजनों की प्रस्तुति देंगे। भक्ति गीतों से मंदिर परिसर गूंज उठेगा और श्रद्धालु बालाजी के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना देंगे। मंदिर को दीपों और रंगीन लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। भजन संध्या के पश्चात रात 12 बजे विशेष भोग आरती का आयोजन होगा। आरती के दौरान मंदिर में घंटियों और शंखनाद की ध्वनि से वातावरण पवित्र हो जाएगा। शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में बालाजी के दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंचेंगे और बालाजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

# शिविर में जिला महामंत्री कुमावत ने लाभार्थियों से किया संवाद

द डेस्प्रिंग

**पाली ।** प्रवीण गोलेच्छा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र की डरी पंचायत में शनिवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री एडवोकेट नारायण कुमावत भाजपा टीम के साथ शिविर में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से फीडबैक लिया और



लाभार्थियों एवं ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया।

शिविर में तहसीलदार कल्पेश जैन, भाजपा वरिष्ठ नेता रघुनाथसिंह रावणा राजपूत, गुंदोज मंडल अध्यक्ष मांगूसिंह डेण्डा, जिला कार्यकारिणी सदस्य वैरसिंह भाटी, आईटी संयोजक वीरेंद्र सिंह मादड़ी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष आनन्द पूरी, मनिहारी सरपंच भेरूसिंह, डरी पूर्व सरपंच प्रियवर्तनसिंह, कालू देवासी सहित प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।लाभार्थियों ने संवाद के दौरान बताया कि जिन्हें राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने योजनाओं से संतुष्टि व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा का आभार जताया। जिला महामंत्री नारायण कुमावत ने पाली उपखण्ड अधिकारी विमलेंद्र राणावत के निर्देशन में संचालित शिविर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी योजनाओं को शत-प्रतिशत जनता तक पहुँचाने में एक सशक्त कड़ी के रूप में कार्य कर रहे हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में अनुपस्थित 12 अधिकारियों को स्पस्टीकरण जारी

## ईओ अपर्णा मिश्रा अनपरा नगर पंचायत सहित दुद्धी में 12 लोग रहे अनुपस्थित

सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक

सोनभद्र थाना दुद्धी परिक्षेत्र में तहसील दिवस के अवसर पर शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन अक्टूबर महीने के पहले शनिवार को किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने तहसील दिवस में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सरल भाव से सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। जो शिकायत मौके पर जाकर निस्तारण करने योग्य थी, ऐसे प्रकरणों में टीम गठित कर, क्षेत्र में टीम भेजकर शिकायतकर्ताओं के शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया गया। इस मौके पर अनुपस्थित अधिकारियों मे जिला पिछड़ा वर्ष



कल्याण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, डूडा,सहायक निदेशक मत्स्य, अधिसासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग,आयुक्त, स्वरोजगार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,जिला उद्यान अधिकारी,अधिशासी अभियन्ता (सिंचाई),उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र,अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अनपरा,जिला दिव्यांगजन, शसक्तिकरण विभाग, उप श्रमायुक्त, पिपरी-सोनभद्र सहित 12 अधिकारियों को सपष्टिकरण जारी किया गया

# जयपुर के पॉश इलाकों में खुलेआम संचालित हो रहे अवैध हुक्का बार

## 2018 के प्रतिबंध के बावजूद प्रशासन की आंखों के सामने उड़ रहा कानून का धुआं

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2018 में पूरे राजस्थान में हुक्का बारों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद राजधानी जयपुर के पॉश इलाकों में खुलेआम हुक्का बार संचालित हो रहे हैं। विशेष रूप से मालवीय नगर, जगतपुरा, टोंक रोड और सी-स्कीम क्षेत्र में कई रेस्टोरेंट एवं कैफे के नाम पर हुक्का परोसा जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, देर रात तक इन हुक्का बारों में युवाओं की भीड़ रहती है, जहां न तो पुलिस की कोई नियमित कार्रवाई होती है और न ही नगर निगम या स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई सख्ती दिखाई देती है। राज्य सरकार ने वर्ष 2018 में तंबाकू नियंत्रण अधिनियम (COTPA) के तहत हुक्का









### सामाजिक संगठनों ने जताई नाराजगी

सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध हुक्का बारों पर तुरंत छापेमारी अभियान चलाया जाए और संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यह न सिर्फ कानून का उल्लंघन है बल्कि युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा है।

बारों को पूरी तरह अवैध घोषित किया था। बावजूद इसके कुछ संचालक कानून की धज्जियां उड़ाते हुए खुलेआम धुआं उड़ा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल ऐसे सभी अवैध हुक्का बारों पर छापेमारी कर संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि युवाओं को नशे की इस प्रवृत्ति से बचाया जा सके।

# सर्पदंश से हुई एक व्यक्ति की मौत थाना



द डेस्प्रिंग

**अनपरा, सोनभद्र ।** आज दिनांक 04/10/25 को डिबुलगंज सरकारी अस्पताल में राजेश विश्वकर्मा पुत्र राम चंद्र विश्वकर्मा निवासी बिछड़ी थाना अनपरा सोनभद्र उम्र 45 वर्ष की सर्पदंश से मृत्यु हो गई है, परिजनों ने डिबलगंज पर पहुंचकर भर्ती कराया था। सर्पदंश के जहरीले विष के कारण युवक की मौत हो गई।मृतक के परिजन मौजूद है । परिजन के द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची और नियमानुसार पंचनामा की कार्यवाही किया।

# एडीएम को पत्र लिखकर सभासद ने सविदाकारों के भुगतान पर रोक लगाने की उठाई आवाज़

## सभासद ने आरोप लगाया है 6 इंच के बजाय 2 इंच ढलाई और 8 इंच पीसीसी भी नहीं हो रहा हैं व्यापक भ्रष्टाचार

द डेस्प्रिंग

सोनभद्र थाना अनपरा परिक्षेत्र में स्थित अनपरा नगर पंचायत ने पूरे प्रदेश मे भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खिया बटोर रहे नगर पंचायत अनपरा के वार्ड नंबर 10 गाँधी नगर की सभासद जुलेखा बानो ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नगर प्रशासक अनपरा को पत्र लिखकर 2024-25, 2025- 26 के सभी टेंडरो के कराये गए विकास कार्यों की बिना उच्च स्तरीय जांच कराये भुगतान पर रोक लगाए जाने की मांग की है द्य अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नगर प्रशासक अनपरा को लिखे पत्र मे सभासद जुलेखा बानो ने नगर पंचायत की ईओ और अध्यक्ष पर नियम विरुद्ध तरीके से टेंडर कराकर सरकारी धन का बंदरबाट करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सविदाकारों को फायदा पहुंचाने के लिए 2024-25 व 2025-26 के टेंडर मैनेज कर डलवाया गया था जिसमे नाम मात्र के कोई एक प्रतिशत तो कोई आधा प्रतिशत विलो का कोरम पूरा कराकर अपने चहेतो ठेकेदारों को कार्य दिया गया इसके वावजूद भी कार्यों मे भारी अनियमितता बरती गई लोकल बालू, बोल्डर, घटिया सीमेंट व बिना पीसीसी किये ही मानक के विपरीत कार्य कराया गया है जहाँ 6 इंच ढालना था वहा दो से तीन इंच ही ढालकर कार्य की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ किया गया जिससे कई जगह की नाली, खड़ंजा व सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है जिसकी पुष्टि आपके अनपरा नगर पंचायत के प्रथम आगमन पर एक अगस्त 2025 के जांच के दौरान हुआ था जिस पर आपके द्वारा ठेकेदारों के बिल से 20 प्रतिशत कटौती के आदेश भी दिया गया था उक्त सभी कार्यों की उच्च स्तरीय कमेटी से जांच कराकर ही भुगतान किया जाये जब तक जांच ना हो जाये तब तक संविदाकारो के भुगतान पर जनहित मे रोक लगाई जाये। इससे पूर्व हुए टेंडरो की भी जांच कर कार्रवाई की जाये।

# विजयदशमी के उपलक्ष पर ब्राह्मण समाज ने शस्त्र पूजन किया

द डेस्प्रिंग

**डेगाना/ डेगाना सुशील लोरा ।** शहर के श्री परशुराम - शिक्षण सेवा संस्थान के प्राणग पर विजय दशमी के उपलक्ष्य पर ब्राह्मण समाज व स्थानीय क्षत्रिय - सेवा समिति व सर्व समाज सहित स्थानीय नागरिकों ने पंडित अनिल शास्त्री द्वारा मन्त्रोच्चार का साथ शस्त्र पूजन किया गया। ब्राह्मण समाज के प्रदेश संगठन मंत्री बेणीगोपाल शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म के विधान के अनुसार शस्त्र पूजन शुभ माना जाता है। इस आयोजन में क्षत्रिय समाज के नन्द सिंह मेड़तिया, दिप सिंह जोधा,जयेन्द्र बिका, नन्दु गिलड़ा, यंश लखारा, महासभा ब्राम्हण अध्यक्ष राजस्थान तहसील घनश्याम पॉडिया, पत्रकार सत्यनारायण शर्मा, पवन जड़ीया, राजाराम पारीक, पंडित जुगल जी दायमा, गोपाल पाराशर, दिलीप गोड़, कमल



इन्दोरिया माझी, कमल पारीक, सुनील शर्मा, पंकज पारीक, हेमंत गोड़, सत्यदेव व्यास, कपिल जोशी, गोतम गोड़, छात्र नेता वंश शर्मा, मोन्टी तिवारी, अशोक पारीक, पवन पारीक, रघुवीर शर्मा, रोहित पारीक, शिव पारीक, सहित समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

# संघर्ष से सफलता तक का प्रेरणादायक सफर ! ललीत वैष्णव

द डेस्प्रिंग

**नगराज वैष्णव ।** जिला पाली (राजस्थान) के रोहट तहसील के मूल निवासी हैं और एक सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि से संबंध रखते हैं। उनके पिताजी शिक्षक हैं, जिन्होंने उन्हें शिक्षा, संस्कार और मेहनत के मूल्य सिखाए। ललित वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज में अध्ययनरत हैं। अपनी मेहनत, सादगी और नेतृत्व कौशल के




बल पर उन्होंने कॉलेज में छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव जीतकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से वैष्णव समाज और पाली जिला में हर्ष और गर्व का माहौल है। सैकड़ों शुभचिंतकों एवं मित्रों ने फोन के माध्यम से उन्हें बधाइयाँ दी हैं। ललित का लक्ष्य समाज और राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देना है। वे आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बन चुके हैं।

# स्कूल संचालक के साथ मारपीट से रोष, उपखंड अधिकारी को डीजीपी के नाम सौंपा ज्ञापन

द डेस्प्रिंग

**रायसिंहनगर (इंद्रजीत रैना) ।** रायसिंहनगर.निजी शिक्षण संस्थाओं के संगठन स्कूल शिक्षा परिवार के पदाधिकारियों ने शुक्रवारको उपखण्ड अधिकारी सुभाष चन्द्रचौधरी को राजस्थान पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपकरभरतपुर जिले के खेडली



मोड़ थाना प्रभारी पर निजी स्कूल संचालक के साथ मारपीट और अवैध दबाव बनाने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रदेशभर में आंदोलन की चेतावनी. ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल सिंह भुल्लर, महासचिव वीरेंद्र शर्मा और प्रभारी नितेश शर्मा, अनिल भांभू, कुलवंत सिंह राठोड़, दलीप बिश्नोई सहित निजी शिक्षण संस्थाओं के संचालकों ने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई गैरकानूनी है। उन्होंने मांग की कि एसएचओ के सेवा रिकॉर्ड में प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जाए, उन्हें रेंज से बाहर स्थानांतरित किया जाए और भविष्य में ऐसे सिविल मामलों में पुलिस हस्तक्षेप पर रोक लगाई जाए।

# स्कूली वाहन उड़ा रहे विद्यार्थियों की सुरक्षा के नियमों की धज्जियां

## आरटीआई में खुलासा, शासनादेश, कोर्ट के आदेश भी बेअसर

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज।दीपक भारद्वाज ।** सितारगंज क्षेत्र से एक ऐसा गंभीर मामला सामने आया है। जिसने न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था पर, बल्कि प्रशासन और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरटीआई (सूचना का अधिकार) आवेदन के 34 पन्नों में खुलासा हुआ है कि स्कूली बच्चों के लिए चलने वाली बसें महज ÷पैसा कमाने के उद्देश्य से चलती तिजोरियां बन चुकी हैं। बच्चों की सुरक्षा मानकों का पालन, सुरक्षा संबंधी शासनादेश नजर अंदाज किया गया हैं। सबसे बड़ा खुलासा यह है कि उप संभागीय परिवहन कार्यालय रुद्रपुर ने शासनादेश/न्यायालय निर्देश मौजूद होने के बावजूद महिला परिचालक नियुक्ति से संबंधित जानकारी देने से इनकार कर दिया। लेकिन उन्हीं संलग्न दस्तावेजों में वह शासनादेश मौजूद था।

# ओउमाश्रय सेवा धाम में स्वस्ति यज्ञ एवं जन्मदिवस उत्सव सम्पन्न





द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** ओउमाश्रय सेवा धाम में आज का दिन पूर्णतः धार्मिक और उल्लासमय रहा। ओउमाश्रय के आधार स्तम्भ डॉ. प्रमोद पाल एवं उनके सुपुत्र आग्नेय यश, साथ ही इंजी. लव प्रकाश गुप्ता एवं इंजी. कुशकांत गुप्ता के जन्मदिवस अवसर पर स्वस्ति यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में श्रीमति माधवी अग़बाल मथुरा (यज्ञवती) तथा श्रीमति मधु यश मुख्य यजमान रहीं। संचालन सहयोगी भगवान दास गर्ग ने मंगलमय भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर श्रीमति माधवी ने एक हजार रुपए की भेंट दी एवं मथुरा की प्रसिद्ध काजू कतली का प्रसाद वितरण किया। डॉ. प्रमोद पाल ने सम्पूर्ण दिवसीय नाश्ता, भोजन प्रसादी एवं यज्ञ हेतु ग्यारह हजार रुपए की भेंट अर्पित की। इंजी. लव प्रकाश गुप्ता एवं इंजी. कुशकांत गुप्ता (निवासी मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया) के जन्मदिवस पर ओउमाश्रय परिवार ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उनके परिवार द्वारा गौसेवा हेतु इक्कीस सौ रुपए की भेंट ओउमाश्रय को प्रदान की गई। इसी क्रम में यश दम्पति के अमेरिका सिएटल यात्रा के साथी विनोद माथुर व्यावर की प्रेरणा से श्रीमति जयंती माथुर (धर्मपत्नी प्रवीण माथुर, डिप्टी डायरेक्टर, रोजगार विभाग, राजस्थान), उनकी पुत्री डॉ. मिनाली माथुर (फोर्टिस हॉस्पिटल, गुड़गांव) एवं पुत्र सिद्धार्थ, भतीजी हिरला व भतीजे यथार्थ ने ओउमाश्रय सेवा धाम पधारकर गौसेवा की तथा ग्यारह सौ रुपए की भेंट अर्पित की। ओउमाश्रय परिवार ने सभी यजमानों, अतिथियों एवं सहयोगियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मंगलमय शुभकामनाएं दीं।

# किच्छा में दूसरे दिन भी नहीं तुला धान, किसानों ने किया प्रदर्शन

## किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द तौल शुरू नहीं की गई,

**किच्छा,(दीपक भारद्वाज) ।** सरकारी क्रय केंद्रों पर दूसरे दिन भी धान की तौल शुरू नहीं हो सकी, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ गई। परेशान किसानों ने शनिवार को मंडी परिसर में प्रदर्शन कर प्रशासन से तुरंत धान तौल शुरू कराने की मांग की। नई मंडी समिति परिसर में प्रशासन द्वारा 10 सरकारी क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें छह यूसीएफ संस्था और चार क्रय केंद्र क्षेत्रीय खाद्य निगम के हैं। प्रशासन ने तीन अक्तूबर से धान तौल शुरू करने का दावा किया था, लेकिन चार तक भी तौल शुरू नहीं हो सकी। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि तौल में देरी से उन्हें मजबूरी में खुले बाजार में कम दामों पर धान बेचना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में यूसीएफ के कुल 176 क्रय केंद्रों में से 62 खटीमा और 40 सितारगंज क्षेत्र में खोले गए हैं, जबकि अन्य क्षेत्रों के किसानों की अनदेखी की जा रही है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द तौल शुरू नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में परमजीत सिंह, मंगल सिंह, राजेंद्र सिंह, सुल्तान मोहम्मद सहित कई किसान शामिल रहे।ओम नारायण मिश्रा, वरिष्ठ विपणन अधिकारी ने कहाकिसानों का रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण धान तौल शुरू नहीं हो पाई है। -

# कट्टों' के इंतजार में फंसी फसल धान खरीद शुरू होने से पहले ही अटकी व्यवस्था

## सितारगंज में धान खरीद शुरू न होने के कारण किसान परेशान

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज (दीपक भारद्वाज) ।** उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के सितारगंज में तीन अक्तूबर से सितारगंज में धान खरीद के लिए के सभी सरकारी क्रय केंद्रों को खोल दिया गया। लेकिन बारदाना (जूट के कट्टें) उपलब्ध नही होने के चलते अब तक धान खरीद शुरू नहीं हो सकी।शनिवार को नई मंडी समिति में बनाए गए धान केंद्र में केवल बैनर टांग मिला। यहां केवल साफ-सफाई का ही काम हुआ। वहीं, केंद्र प्रभारी व्यवस्थाओं को ठीक करने में लगे रहें। वहीं, सितारगंज में धान खरीद शुरू न होने के कारण किसान परेशान है। किसानों को मजबूरन अपने धान की फसल को बाजार में औने- पौने दाम पर बेचना पड़ा रहा है। इससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बाजार में फसलों को नगद बेचने पर कटौती, नगद राशि लेने पर एक प्रतिशत की कटौती, कांटों में अनियमितताओं की परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। वहीं, एसएमओ विनय चौधरी ने बताया




कि शासन के निर्देश पर सितारगंज में 21 सरकारी धान क्रय केंद्रों को खोल दिया गया है। लेकिन बारदाना के उपलब्ध न होने के कारण धान तौल नहीं हो सकी। शनिवार शाम तक बारदाना पहुंचने की उम्मीद है। बारदाना के पहुंचते ही सोमवार से सभी कांटों पर धान ताल शुरू हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक केंद्र पर प्रतिदिन 400 क्विंटल धान ही क्रय किए जाएंगे

# डाक घर में सर्वर डाउन का चक्कर घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे लोग

## सभासद रवि रस्तोगी बोले - जनता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, जल्द होगा बड़ा कदम

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज। (दीपक भारद्वाज) ।** शहर के मुख्य डाकघर में इन दिनों अव्यवस्था का आलम है। डाक भेजने पहुंचे लोगों की लंबी-लंबी कतारें रोज़ाना देखने को मिल रही हैं। स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री और अन्य सेवाओं के लिए आने वाले नागरिक घंटों लाइन में लगने के बाद मायूस होकर वापस लौट जाते हैं। डाकघर में डाक भेजने के लिए केवल एक ही काउंटर चालू है, जिस पर कार्यरत कर्मचारी का व्यवहार भी लोगों के प्रति असहयोगी बताया जा



रहा है। आए दिन वही जवाब सुनने को मिलता है - सर्वर डाउन है, कल आना। महिलाएँ, पुरुष, यहाँ तक कि छोटे-छोटे बच्चे भी अपनी डाक कराने के लिए घंटों इंतज़ार करते हैं, लेकिन अंत में जब ÷सर्वर डाउन÷ का बहाना सुनना पड़ता है तो निराश होकर लौटना पड़ता है। एक साधारण डाक या रजिस्ट्री भेजने के लिए अब लोगों को कई-कई दिन इंतज़ार करना पड़ रहा है।लोगों की बढ़ती परेशानी पर सभासद रवि रस्तोगी ने कड़ी नाराज़गी जताई है। उन्होंने कहा यह जनता के साथ सीधा अन्याय है। डाकघर जैसी मूलभूत सेवा में ऐसी लापरवाही अस्वीकार्य है। जब लोग घंटों लाइन में लगकर लौट जाते हैं, तो यह उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। मैं इस मामले को उच्च अधिकारियों के सामने उठाऊँगा और अगर जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन भी किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने डाकघर प्रशासन से माँग की है कि डाक भेजने के लिए एक और काउंटर खोला जाएँ, कर्मचारियों का व्यवहार सुधारा जाए और ÷सर्वर डाउन जैसी समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

# सरगरा समाज ने जिला कलक्टर को सौपा ज्ञापन

द डेस्प्रिंग

पाली मे सरगरा समाज ने जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया गया ज्ञापन मे बताया कि पत्रकार पाबूराम को शराब माफियाओं द्वारा फोन पर धमकाना ओर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को पुलिस हिरासत से भाग जाना पुलिस की



नाकामी है, पत्रकार पाबूराम के प्रोटेक्शन ओर आरोपियो को कठोर सजा दिलाने कि पुरजोर मांग की है इस मोके बाबूलाल आर्य, गोरधनलाल आर आई, सोहनलाल मालवी, घीसुलाल ठेकेदार, सम्पतनाथ महाराज, राजूराम परमार, प्रकाश चौहान, कानाराम, विजयराज,मिश्रीलाल पंवार, कानाराम, दौलतराम देवड़ा,कमल जोगी, नाथुराम , पूनाराम,मालाराम,हिरालाल आदि मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव भवानी सिंह देथा ने किया ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण

## ग्राम पंचायत बिनोता एवं मिण्डाना के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर आयोजित हुए शिविर

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़ / गौरव कुमार मेडतवाल ।** चित्तौड़गढ़ राजस्थान सरकार द्वारा आमजन को उनकी दहलीज पर शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाने हेतु आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर शुक्रवार को निम्बाहेड़ा उपखंड की बिनोता एवं मिण्डाना ग्राम पंचायत के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर आयोजित हुए।

### शिविर का आयोजन निम्बाहेड़ा विधायक

श्रीचंद कृपलानी की अध्यक्षता में तथा शिविर प्रभारी विकास पंचोली, उपखण्ड अधिकारी, निम्बाहेड़ा एवं सहायक शिविर प्रभारी धनश्याम जरवार, तहसीलदार, निम्बाहेड़ा के निर्देशन में किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रातः 10 बजे हुआ, जिसमें सभी विभागों के अधिकारियों एवं



कर्मचारियों ने भाग लिया। विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित बैनर एवं पोस्टर लगाकर आमजन को जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के भवानी सिंह देथा (द्वस) द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। उनके साथ जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, राजेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विनय कुमार पाठक, अधिशाषी अभियंता जल संसाधन विभाग राजकुमार शर्मा, तथा जिला रसद अधिकारी हितेश जोशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव श्री देथा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं योजनाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग लम्बित फार्मर रजिस्ट्री कार्य को पूर्ण किया जाए। किसानों को गिरदावरी एप की जानकारी देकर डाउनलोड करवाया जाए। राजस्व रिकॉर्ड की अशुद्धियाँ धारा 136 के अंतर्गत शिविर में ही शुद्ध की जाएं। आपसी सहमति के विभाजन प्रकरणों का निस्तारण शिविर स्थल पर ही किया जाए। लम्बित नामान्तरण एवं न्यायालयीय नोटिसों की तामीली शीघ्र की जाए। विद्युत विभाग वर्षाकाल में सुरक्षा की दृष्टि से लटके हुए तारों व खंभों को दुरुस्त किया जाए। पंचायत राज विभाग स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों पर पट्टे जारी किए जाएं। कोई भी आवेदन लंबित न रहे। रसद विभाग पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना एवं उज्ज्वला योजना का लाभ तुरंत दिलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग लम्बित ष्ठद्भष्ठ कार्ड जारी कर शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। कृषि विभाग किसानों की भूमि का मृदा परीक्षण कर सुधारात्मक सुझाव दिए जाएं। लाभार्थियों को मिनी किट एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसी वितरित की जाए। आयोजना विभाग जन आधार सीडिंग एवं सामाजिक पेंशन योजनाओं का भौतिक सत्यापन पूर्ण किया जाए। बिनोता ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में 46 नोटिसों की तामीली। 2 कुरैजात प्रकरणों, 6 आपसी सहमति से विभाजन के प्रकरणों, 57 लम्बित नामान्तरणों के प्रकरणों, 22 फार्मर रजिस्ट्री कार्य पूर्ण किए गये। 734 ग्रामीणों को किसान गिरदावरी एप की जानकारी दी गई, जिनमें से 66 किसानों ने मोबाइल पर एप डाउनलोड किया। भू-राजस्व अधिनियम की धारा 136 के अंतर्गत 108 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार मिण्डाना ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में 150 खसरा शुद्धिकरण प्रकरणों, 8 आपसी सहमति से विभाजन प्रकरणों, धारा 136 का 1 प्रकरण एवं 15 नोटिसों की तामीली के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 24 किसानों को मिनी किट वितरण। किसानों को 998 प्रधानमंत्री फसल बीमा पॉलिसियाँ वितरित। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों एवं प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर उन्हें संतुष्ट किया गया। उपस्थित आमजन ने राजस्थान सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए ग्रामीण सेवा शिविर आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया। उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली ने बताया कि आगामी शिविर 04 अक्टूबर को ग्राम पंचायत अरनिया जोशी एवं अरनोदा के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होगा। उपखण्ड अधिकारी एवं शिविर प्रभारी विकास पंचोली ने अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों से शिविर में उपस्थित होकर राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया।

# महंत परमहंस आदरणीय श्री रामप्रसाद जी महाराज ने किया सिया-राम परिणय महोत्सव का पोस्टर विमोचन

द डेस्प्रिंग

गायत्री देवी ट्रस्ट के संस्थापक चंद्रशेखर अरोड़ा ने बताया की सूरसागर स्थित बड़ा रामद्वारा पहुंचकर महंत परमहंस आदरणीय श्री रामप्रसाद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला।महाराज जी द्वारा गायत्री देवी ट्रस्ट के तत्वाधान में होने वाले 1 नवंबर 2025 को सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह सियाराम परिणय महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया महाराजजी द्वारा सराहनीय कार्य के लिए बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी साथ ही 1 नवंबर 20 25को परिणय सूत्र में बंधने वाले सभी 51 जोड़ों को वैवाहिक जीवन शुरू करने की अग्रिम बधाई दी पोस्टर विमोचन के इस



कार्यक्रम में चंद्रशेखर अरोड़ा प्रहलाद गोयल राजेश पुंगलिया आदि मौजूद रहे

# सिकंदरा पुलिस की फुर्ती ने बचाई जिंदगी,कुछ ही घंटों में जयपुर से मिला गुमशुदा किशोर

## पुलिस की मुस्तैदी पर परिवार ने ली राहत की सांस

द डेस्प्रिंग

**सिकंदरा / मनोज खंडेलवाल ।** थाना इलाके में पुलिस की चौकसी और त्वरित कार्रवाई ने एक परिवार को बड़ी राहत दी। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे 17 वर्षीय सूरज कुमार सैनी अपने घर गीजगढ़ से स्कूल जाने के लिए निकला लेकिन न तो स्कूल पहुंचा और न ही घर लौटा। जब तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिला तो पिता अशोक सैनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला गंभीर था, इसलिए गुमशुदगी को अपहरण की आशंका मानकर एफआईआर दर्ज हुई और तुरंत विशेष टीम गठित कर दी गई। सिकंदरा थानाधिकारी अशोक चौधरी ने टीम को मैदान में उतारा। तकनीकी साधनों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से ताबड़तोड़ जांच की गई और कुछ ही घंटों में जयपुर से बालक सूरज को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। अचानक घर छोड़कर जाने की वजह की जांच जारी है लेकिन बेटे की सुरक्षित वापसी ने परिवार और पूरे गांव को चैन की सांस दिलाई। दौसा पुलिस की यह फुर्ती और सक्रियता इस बात का उदाहरण है कि सजगता और आधुनिक संसाधनों के सही इस्तेमाल से किसी भी चुनौती को पलों में सुलझाया जा सकता है। इस सफलता में सिकंदरा थाना और जयपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने अहम भूमिका निभाई। थानाधिकारी अशोक चौधरी और एसएमएस थाना पूर्व जयपुर की थानाधिकारी वर्षा रानी के साथ एएसआई तेजसिंह, चन्द्रपाल सिंह, नरेंद्र, सुरजमल, कन्हैयालाल, मेघराम और दिनेश शामिल रहे।

# किसानों की आवाज़ रामेश्वर डूडी नहीं रहे, 62 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

## प्रदेश की सबसे बड़ी खबर - दुखद

द डेस्प्रिंग




कांग्रेस के दिग्गज नेता, किसानों की सच्ची आवाज़ रामेश्वर डूडी नहीं रहे। 62 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। लंबे समय से कोमा में थे।

रामेश्वर डूडी ने अपने जीवन का संघर्ष छात्र राजनीति हस्ढ्ढ से शुरू किया।

1995 में पंचायती राज से नोखा के प्रधान बने। इसके बाद देश की सबसे बड़ी पंचायत, संसद तक पहुंचे। राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता रहे। दो बार जिला प्रमुख, एक बार विधायक रहे। वे उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के किसानों के बुलंद स्वर थे। उनका जाना कांग्रेस और किसान राजनीति - दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है।

# मारवाड विधायक केसाराम चौधरी रुगडी मे शोक सभा मे पहुँचे



द डेस्प्रिंग

**रानी / नगराज वैष्णव ।** आज विधानसभा क्षेत्र की रानी समिति ग्राम रूगड़ी के धनराज सैन महदेर सैन के पिताजी हमारे भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता घेवर जी सेन निधन के पश्चात् उनके निज निवास पर आयोजित शोक सभा में शामिल होकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। बिजोवा मंडल अध्यक्ष उतम सिंह राजपुरोहित किशोर सिंह राजपुरोहित पिलोवनी सरपंच प्रमोद सिंह ललीत सेन डुगर सिंह राजपुरोहित श्रीपाल वैष्णव बी एल भाटी महामंत्री बिजोवा मंडल चिंटू सिंह राजपुरोहित रुगडी आईटी सेल सहसंयोजक भाजपा बिजोवा मंडल ।

# श्री अन्नपूर्णा रसोई की सोडावास कस्बे में मांग

द डेस्प्रिंग

**मुंडावर /हवासिंह चौधरी ।** सोडावास कस्बे में श्री अन्नपूर्णा रसोई की मांग बढ़ रही है। जिसको लेकर सोडावास सरपंच सरजीत चौधरी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत करवाया कि सोडावास कस्बे का परिक्षेत्र काफ़ी लम्बा हैं एवम यहां पर चौराहा लगता है। चारों तरफ के वाहनो में यात्रियों का आवागमन बना रहता हैं। आसपास में गांवो का मुख्य बाजार भी सोडावास लगता हैं। समस्त स्थितियों को देखते हुए सोडावास कस्बे में श्री अन्नपूर्णा रसोई की आवश्यकता है। राजस्थान सरकार का मानना है कि कोई भूखा ना सोए उस तर्ज पर श्री अन्नपूर्णा रसोई का गरीब लोगों के लिए "भागीरथ" का रूप माना जाता हैं।

# राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष बने महेश शर्मा, हल्लाबोल जनसरोकार मंच ने किया भव्य स्वागत

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

पंचायत समिति सरपंच संघ धौलपुर के पूर्व अध्यक्ष महेश चन्द्र शर्मा राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर वोहरे (बरेह मोरी) निवासी महेश शर्मा का हल्लाबोल जनसरोकार मंच की ओर से उनके निवास पर भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने उन्हें साफा, माला और पटुका पहनाकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष बनने के बाद महेश शर्मा ने कहा कि वह शीघ्र ही जिले की



कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे तथा समाज हित के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए सभी को साथ लेकर चलेंगे। समाज में आर्थिक, सामाजिक शैक्षिक स्थितियों पर चर्चा कर ब्राह्मण समाज के व्यक्तियों के सहयोग से सभी कार्य पूर्ण किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना और समाज के उत्थान के लिए कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।हल्लाबोल टीम के संयोजक एडवोकेट प्रमोद कुमार शर्मा ने इस मौके पर कहा कि हमारी टीम समाजहित में हर कार्य में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी।कार्यक्रम में हल्लाबोल टीम के सक्रिय सदस्य प्रमोद पचौरी, रामकिशोर लवानिया, रामसेवक राठौर, सुनील जगरिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डेगाना में एसीजेएम कोर्ट की रखी नींव, 2.33 करोड़ की लागत बनेगा नया भवन

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार बेरीवाल नें रखा नींव का पत्थर

द डेस्प्रिंग

**डेगाना (सुशील लोरा) ।** डेगाना में झगड़वास की स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कुल के सामने डेगाना के एसीजेएम कोर्ट के भवन की नई नींव रखने का कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार बेरिवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम के दौरान डेगाना वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश राजेश्वर विश्नोई सहित डेगाना के वकीलों के द्वारा जिला एवं



सत्र नाययाधीश कों एडीजे कोर्ट खुलवाने की मांग की गई. जिस पर नागौर जिला न्यायाधीश अरुण कुमार बेरीवाल नें जल्द एडीजे कोर्ट खोलने का आश्वासन दिया.डेगाना के एसीजेएम कोर्ट के नए भवन का निर्माण 2 करोड़ 32 लाख रुपयों की लागत सें किया जायेगा.एसीजेएम कोर्ट न्यायाधीश राजेश्वर विश्नोई नें बताया कि डेगाना के झगड़वास में कोर्ट के नए भवन का निर्माण होने सें क्षेत्र के लोगों कों न्यायिक प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी.जल्द एडीजे कोर्ट खुलने सें क्षेत्र के लोगों और ज्यादा फायदा मिलेगा.

# हनुमान जन्मोत्सव पर सालासर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### शरद पूर्णिमा का लक्खी मेला सम्पन्न

### सिन्दूरीमय हुआ सालासर बालाजी धाम

### मन्दिर में धौक लगाकर किये दर्शन

### मन्नत का बांधा नारियल

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़ ।** चूरू जिले के सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में शरद पूर्णिमा पर पूरा सालासर बालाजी धाम सिन्दूरीमय नजर आया,पूरा सालासर बालाजी धाम बाबा के जयकारों से गुंजायमान हो गया।हाथों में लाल ध्वजा लिये भक्त बाबा के भक्त बालाजी की झलक पाने को आतुर नजर आए, श्रद्धालुओं व भक्तों ने बाबा के दरबार मे शीश झुकाकर देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना की।हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी ने बताया कि लाखों भक्तों ने बाबा के दर्शन किये हैं भीड़



को देखते हुए सुबह 4 बजे ही मन्दिर के पट खोल दिये गए थे, वही श्रद्धालुओं के लिये पांच लाख पानी के पाउच तैयार किये गए हैं।मेले में निगरानी के लिये 250 सीसीटीवी केमरे मन्दिर परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से लगाये गए हैं।वही 200 निजी सुरक्षा गार्ड भी मेला ग्राउंड में लगाये गए हैं।वही मन्दिर परिसर में बच्चों के जड़ूला,मुंडन संस्कार भी देखने को मिले,वही वर्षों से चली आ रही परम्परा मन्नत का नारियल बांधने की परंपरा का निर्वहन करते हुए दिखाई दिए,कहते हैं मन्नत का नारियल बांधने से सालासर बालाजी भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं।

# सफलता की कहानी : प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिला पक्का घर



द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़ / मनीष धोबी ।** चित्तौड़गढ ग्रामीण सेवा षिविर के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) वर्ष 2024-25 के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुशलगढ़ की मजना बाई पति राजूलाल को आवास स्वीकृत किया गया था। सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना के तहत तीनों किस्तों की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई। साथ ही, नरेगा के माध्यम से 90 दिवस का रोजगार भी प्रदान किया गया, जिससे निर्माण कार्य के दौरान आर्थिक सहायता मिली। लाभार्थी ने बताया कि अब वे अपने परिवार के साथ बारिश के दिनों में सुरक्षित और मजबूत पक्के घर में निवास कर पाएंगे। यह उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा अनुभव है। लाभार्थी ने राज्य सरकार एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रति आभार व्यक्त किया है, जिसने उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मेरा तीन पीढियां से सच्चा और वास्तविक रिश्ता एडवोकेट प्रवीण रमेश

द डेस्प्रिंग

**नगराज वैष्णव / प्रवीण आर जैन ।** रानी ,समाचार/ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर एडवोकेट प्रवीण रमेश जैन से गुरुवार को हमारे संवाददाता से हुई औपचारिक वार्ता में उन्होंने अपने विचार रखें एडवोकेट प्रवीण रमेश जैन ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरी तीन पीढ़ियां जुड़ी हुई है मेरे स्वर्गीय नानाजी एवं स्वर्गीय दादाजी प्रारंभ से निस्वार्थ भाव से तन मन धन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए थे,वर्तमान में मेरे पिताजी श्री रमेशजी आर जैन साहब भी बचपन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए हैं और उनकी प्रेरणा से मैं भी तन मन तन से निस्वार्थ भाव से जुड़ा हुआ हूं. एडवोकेट प्रवीण रमेश जैन ने आज गुरुवार को आरएसएस शताब्दी वर्ष स्थापना दिवस पर हमें बताया कि मेरी मातृभूमि रानी शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के रूप में मेरे पिताजी श्री रमेशजी आर. जैन साहब के साथ सम्मिलित होना मेरे लिए ऐतिहासिक को गौरवपूर्ण दिन था..मुझे पूर्ण रूप से



स्वाभिमान के साथ गर्व है कि मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक स्वयंसेवक हूं एवं पूरे जीवन भर निस्वार्थ भाव से रहूंगा क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक अद्भुत संगठन है अटल खड़ा 100 वर्ष से हिंदुओं को एकजुट करने का अकल्पनीय भागीरथी कार्य की पूर्ति में लगा पूरे राष्ट्र को संरक्षण दे रहा है..मुझे गर्व है मैं ऋस्स् जैसे संगठन से बचपन से जुड़ा रहा हूं इसकी प्रेरणा और संस्कार मुझे मेरे पिताजी आदरणीय श्री रमेश जैन से प्राप्त हुई संघ की स्थापना को 100 वर्ष पूरे हो गए और विश्व में कोई ऐसा संगठन कोई राजनीतिक दल हीं मिलेगा जो टुकड़ों में नहीं बंटा हो इतना ही नहीं इन 100 वर्षों में भारत समेत अनेक देश भी विखंडित हो गए लेकिन संघ "अखंड" रहा है और देश को परमवैभव की तरफ ले जाने को अग्रसर है। ऋस्स् संगठन है कभी किसी सरकार से आर्थिक मदद नहीं मिलती लेकिन समाज के हर क्षेत्र में कार्य करने के लिए सबसे आगे रहा है कभी अपने काम के लिए पब्लिसिटी लेने की कोशिश नहीं की जबकि कुछ राजनीतिक दल है जो मीडिया को पैसा देकर उन कामों का ढोल पीटते हैं जो उन्होंने किये ही नहीं ऐसा नहीं है संघ की समाज के लिए सेवाएं मीडिया की जानकारी में नहीं होती लेकिन मीडिया फिर भी कभी उन्हें प्रकाशित करने की जरूरत नहीं समझता है। मीडिया ने हमेशा ऋस्स् की छवि को एक हिंदूवादी संगठन के रूप में दर्शाया है जबकि सही मायने में संघ एक "राष्ट्रवादी" संगठन है कहीं कोई प्राकृतिक आपदा आन पड़े तो संघ के कार्यकर्त्ता सेवार्थ सबसे पहले पहुँच जाते है पीड़ितों को बचाते हुए वे यह नहीं देखते कि कौन किस जाति या धर्म विशेष का है जैसा वायनाड में हुआ था हुआ भूस्खलन की आपदा के समय वहां का प्रतिनिधि कई दिन नदारत था लेकिन संघ के स्वयंसेवक जनसेवा में जुटे थें। संघ कैसे चलता है बिना किसी सरकारी मदद से यह वे ही जानते हैं संघ प्रमुख के किसी बयान में किसी अन्य समुदाय के विरुद्ध एक शब्द सुनने को नहीं मिलेगा लेकिन फिर भी विपक्ष संघ को नफ़रत फ़ैलाने वाला संगठन कहता है। जबकि उनके दलों के कार्यकर्त्ता किसी प्राकृतिक आपदा में दूर दूर तक दिखाई नहीं देते 100 वर्ष पूरे होने पर संघ चाहता तो बड़े धूमधाम से शताब्दी के दिन को मनाता लेकिन वो ऐसी धूमधाम से किसी विशेष दिन को मनाने वाले "सैफई" में मिल सकते हैं वह भी सरकारी पैसे से....!! संघ भारतीय संस्कृति को आधार मानकर आगे बढ़ रहा है लेकिन उसी संस्कृति को नेहरू जड़ से मिटाना चाहता था क्योंकि कांग्रेस का भारतीय / हिंदू संस्कृति से कोई लेना-देना ही नहीं था इसलिए नेहरू, इंदिरा और नरसिम्हा राव के समय में संघ पर 3 बार बैन लगाया गया लेकिन वह अदालत में टिक नहीं पाया गांधी हत्या के आरोप में नेहरू ने संघ पर सबसे पहले बैन लगाया था। संघ के प्रचारक बौद्धिक कार्यक्रम के लिए आए थे उन्होंने स्वयंसेवकों को चर्चा का विषय दिया कि संघ को अपने उद्देश्य पूर्ति के लिए क्या करना चाहिए सबने अपने अपने विचार रखे लेकिन कुछ ने कहा कि संघ के हाथ में राजनीतिक शक्ति होनी चाहिये। राजनीतिक शक्ति की बात उन्होंने टाल दी और कहा संघ राजनीतिक शक्ति के बिना ही अपना कार्य करना चाहता है परन्तु आज संघ से निकले स्वयंसेवकों के हाथ में राजनीतिक शक्ति है जिसका लाभ बेशक संघ सीधे तौर पर नहीं ले रहा। लेकिन संघ ने देश को परम वैभव की तरफ ले जाने में वह राजनीतिक शक्ति हाथ में लिए हुए मोदीजी पिछले 11 वर्ष में देश को कहां से कहां पहुंचा दिया। संघ के लिए और भी बहुत कुछ लिखा जा सकता है.. मेरी हैसियत नहीं है कि दो पेज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बारे में लिखो इसके लिए 100 किताबें लिखकर गुणगान गाथा करूं तो वह भी कम पड़ेगी.."नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे त्वया हिन्दुभूमे सुखं वर्धितोऽहम्। महामङ्गले पुण्यभूमे त्वदर्थे पतत्वेष कायो नमस्ते नमस्ते" राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष की सबको शुभकामनाएं बधाई..सादर प्रणाम..वंदे मातरम..जय हिंद।एडवोकेट प्रवीण रमेश जैन

# यमुना नदी का पानी साहबी नदी तक पहुंचाए सरकार

द डेस्प्रिंग

**मुंडावर /हवासिंह चौधरी ।** सोडावास के रायल चेम्बर परिसर में पंचायत समिति सदस्य भूपसिंह मेधवाल ठेकेदार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बीच यमुना नदी के पानी को लेकर जो समझौता हुआ था उस पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा के चौधरी नांगल से सोडावास की दूरी 40 किलोमीटर के लगभग है। अतः राज्य सरकार यहां तक पाइपलाइन डालकर सोडावास साहबी नदी में पानी पहुंचाया जाए। जिससे पंजाब एवं हरियाणा में जो बाढ़ का पानी है वह यहां के किसानों को आबाद कर सके। इस दौरान देवेंद्र सिंह चौहान ठेकेदार बड़ोद, मनोज जांगिड़, अनिल शर्मा, प्रदीप शेरावत, नीतू गुप्ता, मुकेश यादव हीरो, मीनू तिवाड़ी, घनश्याम बोहरा, महेंद्र लम्बदार सहित आदि ने विचार व्यक्त किए।

# लोकदेवता श्री पाबू जी राठौड़ कि पंचधातु से बनी अश्वरुड़ प्रतिमा का हुआ भव्य स्वागत

द डेसिंप्रग



**डीडवाना-कुचामन।** परबतसर के निकटवर्ती ग्राम हुलढाणी मे बने नवनिर्मित स्मारक हेतु कल दिनांक 03 अक्टूम्बर 2025 को 13 वी सदी के महानायक लोकदेवता श्री पाबू जी महाराज कि पंचधातु (मेटल) से निर्मित मध्य प्रदेश मे बनाई गई मनमोहक सवा बारह फ़ीट ऊँची और पांच टन वजनी अश्वरुड़ प्रतिमा का श्री जयमल राजपूत छात्रावास परबतसर आगमन पर श्री पाबू जी महाराज स्मारक सेवा समिति हुलढाणी द्वारा भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्वागत समारोह मे शामिल विशाल जनसमूह और वाहनों कि रैली को श्री जयमल राजपूत छात्रावास से हुलढाणी स्थित स्मारक हेतु पूर्व विधायक श्री मान सिंह किनसरिया कि अगुवाई मे रवाना किया गया, रैली गाँधी चौक, बस स्टैंड, मुख्य बाजार से खारिया तालाब होते हुए हुए मांडण के रास्ते श्री घाटी वाले बालाजी से हुलढाणी स्थित स्मारक स्थल पर पहुंची।इस यात्रा के दौरान जगह जगह श्री पाबू जी महाराज कि एक झलक पाने के लिए श्रदालुओं का भारी हुजूम एकत्रित हुआ और प्रतिमा पर पुष्पवर्षा कर नाचते गाते नतमस्तक हो कर स्वागत किया। प्रतिमा कि सुंदरता और भव्यता कि चर्चा पुरी तहसील मे फैलने से दर्शनों के लिए एकत्रित भारी हुजूम कि आस्था को देख कर कार्यकर्त्ता भावविभोर हो गए और खुशी इतनी थी कि पलके भीगने लगी थी कार्यकर्त्ता जगह जगह गदगद ह्रदय से समस्त श्रदालुओं का आभार व्यक्त करते नजर आये, रैली मे पाबू जी के जयकारों के साथ कुछ विशेष नारों कि गूंज ने भी लोगो का ध्यान आकर्षित किया

**रजवट रो थूं सेहरौ, सब सूरां सिरमौड़ ।**
**धरती पर धाका पडै, रंग पाबू राठौड़ ।।**
**घोडो, जोडो, पागडी, मूछां तणी मरोड़ ।**
**ऐ पांचू ही राखली, रंग पाबू राठौड़ ।।"**
**है कौन काज ऐसो जग मे जो टिक सके धीर नर के मग मे!**
**मानव जब जोर लगाता है पत्थर पानी बन जाता है!!**

**पत्थर को भी कर दे पानी।**
**जय भवानी, जय भवानी।।"**

**समान्यतः** 15 मिनट मे तय होने वाली दुरी को तय करने मे 2 घंटे से ऊपर का समय लगा और शाम 6:15 बजे प्रतिमा को स्मारक स्थल पर विराजित किया गया, समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार जल्द ही प्रतिमा और स्मारक स्थल का का भव्य अनावरण एक बड़े समारोह के रूप मे आयोजित किया जायेगा। रैली मे शामिल दर्शकों ने बताया कि आसपास के क्षेत्र मे हुलढाणी ग्राम पिछले 4-5 वर्षो मे पूरी तरह से आकर्षण और आस्था का केंद्र सा बन गया है और एक तीर्थ स्थल के रूप मे उभरने लगा है यहाँ पुराने धर्मस्थलों के नवीनीकरण के बाद लगातर एक के बाद एक नये नये देवस्थल बने है जो सिर्फ परबतसर तहसील और डीडवाना-कुचामन जिले मे ही नहीं अपितु सम्पूर्ण राजस्थान मे मिशाल बने है।

### बरेली में मौलाना तौकीर रज़ा के करीबी पर बुलडोज़र एक्शन

# इंस्पेक्टर को हाथ काटने की धमकी देने वाले डॉ. नफीस का 5 करोड़ का मैरिज हॉल ध्वस्त

द डेसिंप्रग



**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)** । बरेली में हालिया बवाल के बाद प्रशासन ने मौलाना तौकीर रजा और उनके करीबियों पर अवैध निर्माण को लेकर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को तौकीर रजा की पार्टी इत्तेहाद मिल्लत काउंसिल (IMC) के राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता डॉ. नफीस के अवैध मैरिज हॉल रजा पैलेस पर बरेली विकास प्राधिकरण (BDA) का बुलडोजर चला। भारी सुरक्षा के बीच ध्वस्त हुआ रजा पैलेस किला के जखीरा क्षेत्र में स्थित रजा पैलेस पर शनिवार दोपहर 3 बजे 5 थानों की पुलिस फोर्स, पीएसी और आरएएफ के जवानों के साथ BDA की टीम पहुँची। किसी भी विरोध को रोकने के लिए मौके पर लगभग 1000 जवानों को तैनात किया गया। शाम 4 बजे तीन बुलडोजरों ने एक साथ भवन को ढहाना शुरू किया।देर शाम 6:30 बजे तक मैरिज हॉल का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा ध्वस्त हो चुका था। इसमें हॉल का अधिकतर हिस्सा, पाँच कमरे, मंडप (मोंटी) और बाउंड्री वॉल पूरी तरह से तोड़ दी गई। कार्रवाई में कुल चार बुलडोजर लगाए गए थे।जेल में है आरोपी डॉ. नफीसडॉ. नफीस, जो मौलाना तौकीर रजा के करीबी हैं, को पुलिस ने उनके बेटे के साथ पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नफीस पर लोगों को प्रोटेस्ट के लिए उकसाने और एक इंस्पेक्टर को हाथ काटने की धमकी देने का गंभीर आरोप है। स्थानीय आकलन के अनुसार, 1000 वर्ग गज (10,000 स्क्वायर फीट) में बने इस बारात घर की अनुमानित कीमत करीब 5 करोड़ रुपए बताई जाती है।BDA का दावा यह रूटीन का काम है BDA के वीसी मणिकंदन ए ने कार्रवाई पर बयान देते हुए कहा कि रजा पैलेस एक अवैध निर्माण था, जिसके लिए 2024 में नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि बुलडोजर की यह कार्रवाई BDA का रूटीन काम है और इसका बरेली हिंसा से कोई सीधा कनेक्शन नहीं है, यह केवल एक संयोग है। सैलानी मार्केट में 200 दुकानें तोड़ी गई मैरिज हॉल पर कार्रवाई से पहले, शनिवार सुबह नगर निगम और BDA की टीम ने सैलानी मार्केट में भी बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यहाँ नाले-नालियों पर बने करीब 200 दुकानों को गिराकर अवैध कब्जा हटाया गया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कड़े शब्दों में कहा कि जहाँ भी अतिक्रमण मिलेगा, वहाँ बुलडोजर चलेगा और हिंसा फैलाने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। भारी पुलिस बल की तैनाती के कारण मार्केट में हुई इस बड़ी कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका।



## संपादकीय

### मौत का सिरप

कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिये दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निमार्ता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिये दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। जबकि इस मामले में जांच चल रही है, यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। खासकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में प्रमुख रूप से उल्लेखित है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही जीएमपी यानी गुड मैन्युफै रिंग प्रैक्टिसेज के संशोधित शेड्यूल एम मानकों के तहत अपग्रेड करने के लिये पंजीकृत हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जनस्वास्थ्य के प्रति कितनी गैरजिम्मेदार स्थिति है। जबकि हकीकत यह है कि फार्मास्यूटिकल इकाइयों को अपग्रेड करने की समय सीमा कई बार बढ़ाई गई है। यह नियामक तंत्र की कमजोरियों और छोटी फर्मों में सुरक्षित प्रक्रियाओं में निवेश करने की अनिच्छा को ही उजागर करती है। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिये यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा। विडंबना यह है कि अतीत में भी ऐसी कई त्रासदियां हुई हैं, लेकिन हमारे तंत्र ने इससे कोई सबक नहीं सीखा। हालांकि शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को परामर्श जारी किया है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाइयां नहीं दी जाएं। वर्ष 2020 में भी एक ऐसी त्रासदी सामने आई थी, लेकिन कुछ दिन के शोर के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। विडंबना देखिए कि मृत बच्चों के परिजन आज भी न्याय की प्रतीक्षा में आंसू बहा रहे हैं। हकीकत यह है कि ऐसी मौतों की जिम्मेदारी तय करने में लगातार देरी होती रहती है। ऐसे हादसों को या तो कमतर दशार्या जाता है या फिर पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाता है।

## चिंतन-मनन

### गुरु तत्व का सम्मान

जब भी तुमने बदले में किसी आशा के बिना किसी के किए कुछ भी किया हो, किसी को कोई सलाह दी हो, लोगों का मार्गदशर्न किया हो, उन्हें प्रेम दिया हो और उनकी देख-भाल की हो, तब तुमने गुरु की भूमिका निभाई है। गुरु तत्व सम्मान करने की और विश्वास करने की चीज है। तुम्हारे आस पास कितने लोग हैं जो सब के मूड, भावनाओं और दोषारोपण के बीच अटके हुए हैं। लेकिन अगर तुम्हारे पास गुरु हैं तो तुम्हें इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा भी तो वह कुछ मिनटों से ज्यादा टिकने वाला नहीं। जब व्यक्ति गुरु तत्व के इस सिद्धांत के साथ चलता है, तब सभी सीमाएं गिर जाती हैं और वह आस पास के सभी व्यक्तियों और सारे ब्र ांड के साथ एक होने का अनुभव करने लगता है। जब यह ज्ञान प्रकट होता है, दुःख गायब हो जाता है और आत्म-ग्लानि के लिए कोई स्थान नहीं रहता। अगर तुम्हारे भीतर आत्म-ग्लानि है, तो इसका अर्थ है अभी तक तुम गुरु तक आए नहीं हो। गुरु तक आने का अर्थ है श्रद्धा होना कि गुरु हमेशा हमारे साथ है। इसका अर्थ है हमें जो भी चाहिए वो होगा और हमें रास्ता दिखाया जाएगा। जीवन में शांति सुनिर्िं त करने का सबसे अच्छा रास्ता साधना, सत्संग, आत्म-चिंतन और भक्ति द्वारा गुरु के निकट रहना है। इससे यह भी सुनिर्िं त होगा कि तुममें आध्यात्मिकता मजबूत हो। हालांकि जब तुम शारीरिक रूप से गुरु के निकट नहीं हो पाते, तब भी मन और आत्मा से तुम गुरु के निकट हो सकते हो। जब व्याकुलता बहुत ज्यादा बढ़ जाए, तब समर्पण में आसन पाओ। गुरु या ईश्वर को समर्पण कर दो। गुरु को उनके शारीरिक रूप और व्यक्तित्व से परे देखो। ईश्वर, आत्मा और गुरु में कोई अंतर नहीं है। गुरु तुम्हारे असली स्वभाव का ही प्रतिबिम्ब है और तुम्हें आत्मा में वापस अग्रसर करने के लिए मार्गदशर्क है। अपनी लगन, श्रद्धा और वचनबद्धता से तुम स्पष्ट रूप से देख सकते हो कि चाहे कैसी भी परिस्थिति हो, जिस पल तुम गुरु को गुरु मान लेते हो, उनके सभी गुण प्राप्त करना संभव हो जाता है। एक बार जब गुरु उपाय बन जाते हैं, तुम जीवन में कभी पराजित नहीं होते। गुरु के लिए भक्ति काफी है। गुरु यहां तुम्हारे लिए हैं और तुम्हारे अच्छे और बुरे समय के दौरान तुम्हारे साथ हैं। तुम अकेले नहीं हो तो गुरु को ढूंढ़ निकालो और स्वाभाविक रूप से जियो और प्रेम और आनंद में खुशी मनाओ।

# सीमाएं मजबूत होगी तभी हम देश मे सुरक्षित रह पायेंगे- विधायक आदु राम मेघवाल

### आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला संम्पन

### 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा अभियान

द डेसिंप्रग



**जैसलमेर-रमेश प्रजापत ।** आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान की कार्यशाला का आयोजन शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुवा जिसमे मुख्य वक्ता व प्रभारी चौहटन के विधायक आदूराम मेघवाल थे। विधायक मेघवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुवे कहा कि आज भारत पहले का भारत नही रहा क्योंकि 2014 के बाद से जब से हमारे देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की कमान संभाली है तब से भारत बदला हुवा भारत है और आज विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने के साथ आत्मनिर्भर शक्ति के रूप में उभरा है। आज हम रक्षा के मामले में स्वदेशी हथियार बना रहे है और इसका निर्यात भी करते है। सीमा रक्षा के मामले में पूरी दुनिया भारत के लोहे को मानती है। जब सीमाएं मजबूत होगी तभी हम सुरक्षित रह पायेंगे। ओर आज हमारी सीमाएं हमारे जवानों के कारण सुरक्षित है। आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान- जय किसान का नारा दिया, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसके साथ एक शब्द जय विज्ञान ओर जोड़ कर भारत को परमाणु शक्ति वाले देश की पहिचान कराई। ओर आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन सब के आगे अनुसंधान शब्द जोड़ कर आत्म निर्भर भारत का दर्जा दिलाया। पहले जहाँ देश मे मलेरिया की कुंदन की टेबलेट नही बनती थी आज कोरोना महामारी में वेक्ससीन का उत्पादन कर देश और दुनिया को बचाने का काम किया। इससे पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में पधारे आदूराम मेघवाल का साफा, दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया।कार्यशाला को , जिलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा, प्रदेश समिति सदस्य विक्रम सिंह नाचना,पूर्व विधायक शैतान सिंह राठौड़,निवर्तमान जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सारदा, जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार व्यास, ने भी सम्बोधित किया। मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम जिला संयोजक नारायण सिंह तंवर ने कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत करते हुवे कहा कि यह अभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन 25 सितंबर से शुरू किया गया है जिसका समापन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर को समापन होगा। बीच मे सेवा पहवाड़ा व जीएसटी कार्यक्रम आने से इसकी गति कम हुई जिसे अब दुगनी गति से बढाना है। आज की कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष भंवर सिंह साधना, जिला महामंत्री सुरेश सुथार, जिला मंत्री कंवराज सिंह चौहान, मदन सिंह राजमथाई, प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह चंपावत, आकाश ओझा, सुनीता भाटी, हरिवल्लभ कल्ला,स्वरूप सिंह हमीरा, ओम सेवक, पवन कुमार सिंह, सवाई सिंह गोगली, अरुण पुरोहित, मनोहरसिंह कुंडा,पदम सिंह भाटी, भूरा राम ओड, वीरेंद्र सिंह हमीरा, महेंद्र सिंह दुजासर, लूण सिंह राजपुरोहित, मनोज भाटिया, निम्बदान चारण, सभी मंडल संयोजक, मंडल प्रभारी व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री मदन सिंह राजमथाई ने किया

# महात्मा गांधी स्कूल सोनड़ी में भामाशाहों ने पंखा भेंट किया




द डेसिंप्रग

**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी)।** महात्मा गाँधी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय सोनड़ी में भामाशाह पुर्व उपप्रधान धर्मवीर गोधा एवं समाजसेवी लालचंद छिम्पा ने विद्यालय को एक-एक छत पंखा भेंट किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्योकुमार सिहाग एवं समस्त स्टाफ ने इस सहयोग के लिए दोनों दानदाताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से विद्यार्थियों को गर्मी से राहत मिलेगी तथा पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध होगा।

इस मौके एसडीएमसी अध्यक्ष सहदेव देहड़ू, सुरेश छिम्पा, महिराम खाती, जगदीश पंवार, छोटूराम छिम्पा आदि उपस्थित रहे तथा स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा की उन्नति में समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# भारत को पीओके की पुकार: पाकिस्तान के अत्याचारों से मुक्ति



दिलीप कुमार पाठक



धर्म के नाम पर पाकिस्तान की स्थापना हुई थी, यही कारण है कि आजतक पाकिस्तान राजनीतिक रूप से स्थायी नहीं है, कोई न कोई बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम होता ही रहता है' बांग्लादेश, अफगानिस्तान के अलगाव के बाद पीओके यानि पाक अधिकृत कश्मीर में हमेशा पाकिस्तान से अलग होने की आवाजें बुलन्द होती रहती हैं' अभी कुछ महीनों पहले अपनी आवाज दुनिया तक पहुंचाने के लिए वहाँ के विद्रोही लोगों ने ट्रेन हाईजैक कर लिया था, खासी मुठभेड़ के बाद पाकिस्तान की सेना ने वहाँ की विरोधी आवाजों का दमन कर दिया था' पाकिस्तानी सेना ने अब तब पीओके पर दमनपूर्वक जबरन कब्जा कर रखा है, अन्यथा वहाँ कई बार भारत में विलय एवं जनमत संग्रह की मांगें उठती रहती हैं' अब देखना यह है कि पाकिस्तानी सेना कब तक इन आवाजों को दबा पाती है' अभी हाल फि लहाल पीओके में विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से बिजली संकट, महंगे बिल, इंटरनेट ब्लैकआउट, मानवाधिकार उल्लंघन, और आर्थिक उपेक्षा के खिलाफ शुरू हुआ है' जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी इन प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रही है' पाकिस्तानी नेतृत्व पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में जनता की बुनियादी जरूरतों को भी पूरा करने में फेल साबित हो रहा है' पाक अधिकृत कश्मीर में स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तानी सेना का अत्याचार अब संयुक्त राष्ट्र तक तक पहुंच गया है' वैसे भी पीओके पर जुल्म इतना बढ़ गया है कि वहाँ की चीखें पूरी दुनिया में सुनाई देने लगी हैं, वो तो भारत सरकार की नीतियों की विफलता है अन्यथा अब तक पीओके भारत का हिस्सा बन चुका होता' देश जमीन के टुकड़ों पर नहीं बनता बल्कि देश में रहने वाले लोगों के कारण देश बनता है, जहां पाकिस्तान मानवीय मूल्यों को ताक पर रखकर जबरदस्ती लोगों पर राज करना चाहता है, हालांकि अब बड़ा कठिन सा प्रतीत हो रहा है' पीओके के राजनीति दलों ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से मांग की है कि वठ तुरंत यहां दखल दे और यहां की जनता को पाकिस्तानी सेना के अत्याचार से बचाए' 29 सितंबर से चल रहे नागरिकों के प्रदर्शन में अब तक 12 लोग मारे जा चुके हैं' एक जान की भी कीमत होती है, पाकिस्तान की सेना को इसका खामियाजा जरूर भुगतना होगा' स्विटजरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद 60वें सेशन के दौरान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की पार्टी (यूनाइटेड कश्मीर पीपुल नेशनल पार्टी) ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि पाकिस्तान को कश्मीरियों को मारने, हमारी जमीन और हमारे संसाधनों पर कब्जा करने, हमारे लोगों पर अत्याचार करने और उन्हें खत्म करने का कोई हक नहीं है' पीओके के स्थानीय नेता इस मुद्दे को पूरी दुनिया के सामने लेकर आए हैं, हालांकि उन्होंने कितना शोषण, दमन झेला है, इसकी कल्पना करना भी असहनीय पीड़ा को सहन करने जैसा है' यूनाइटेड कश्मीर पीपुल नेशनल पार्टी के प्रवक्ता सरदार नासिर अजीज खान ने जिनेवा में कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर में कई लोग गायब हो गए हैं, परंतु हाल ही में कश्मीर में जो हो रहा है, उससे लोग अपनी जान को लेकर चिंतित हैं क्योंकि 29 सितंबर से अब तक 12 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है' नासिर ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान यहां के लोगों पर क्रूर बल प्रयोग कर रहा है और प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलियां चला रहा है जिससे लोग मारे जा रहे हैं' सैकड़ों लोग जेल में हैं और उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है' उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में इस अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के जमावड़े के माध्यम से हम आग्रह करते हैं कि संयुक्त राष्ट्र उन कश्मीरियों की जान बचाने के लिए हस्तक्षेप करे जो पाकिस्तानी कब्जे में रह रहे हैं' कश्मीरियों के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने इस्लामाबाद प्रेस क्लब में इस मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस के एक्शन की निंदा की' पीओके पर पाक सेना को कश्मीरियों को मारने, जमीन और संसाधनों पर कब्जा करने और उन लोगों पर अत्याचार करने और उन्हें खत्म करने का कोई हक नहीं है' निरन्तर विरोधी आवाजें गूँज रही हैं' 2 अक्टूबर 2025 पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी के सदस्य इस्लामाबाद प्रेस क्लब के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे इस दौरान पुलिस प्रेस क्लब में घुस गई, पुलिस ने प्रदर्शन बल पूर्वक कुचलने के लिए क्लब के अंदर घुसकर पत्रकारों और स्टाफ पर लाठीचार्ज किया, कैफेटेरिया को तोड़ा-फोड़ा, कैमरे और मोबाइल फोन तोड़े और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया' वीडियो फुटेज में पुलिस को पत्रकारों को घसीटते और पीटते हुए दिखाया गया है' यह घटना पीओके में चल रहे पांचवें दिन के विरोध प्रदर्शनों के बीच हुई, जहां बाजार बंद हैं और इंटरनेट कटा हुआ है' इस मुद्दे पर भारत को दखल देते हुए पाकिस्तान को कड़ा संदेश देना चाहिए कि पीओके पर जुल्म खत्म हो, भारत सरकार को बांग्लादेश की तरह इसका हल निकालना होगा, पूरी दुनिया पीओके की स्थिति से वाकिफ है, हालांकि यूएनओ कुछ नहीं कर पाएगा, अब तो भारत को ही इसका हल निकालना होगा' पीओके की जनता भारत के साथ विलय चाहती है' पाकिस्तान को सबक सिखाने का भरपूर मौका है, जो भारत को गंवाना नहीं चाहिए'

# सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में शरद पूर्णिमा मेले का उल्लास चरम पर

## देश-विदेश से आए श्रद्धालु कर रहे हैं बाबा के दर्शन

## भंडारों में हो रही सेवा भावना की मिसाल

द डेस्प्रिंग





**सुजानगढ़** । सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में शरद पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला प्रसिद्ध वार्षिक मेला इस समय अपने चरम पर है। मेले में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा बालाजी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन एवं हनुमान सेवा समिति की ओर से व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा व जलापूर्ति सहित अन्य व्यवस्थाओं पर प्रशासन ने विशेष ध्यान दिया है।

### भक्तों की सेवा में जुटे देश-विदेश के भामाशाह

मेले के दौरान देश और विदेश के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं सेवा भावी संगठन श्रद्धालुओं की सेवा के लिए भंडारे चला रहे हैं। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से पैदल यात्रा कर आने वाले हजारों भक्तों के लिए मार्ग में सैकड़ों भंडारों का आयोजन किया गया है, जहां भोजन, पानी, चिकित्सा और विश्राम की उत्तम व्यवस्था की गई है।

### सावरथिया परिवार का अद्भुत सेवा संकल्प

सावरथिया सेवा सदन के रमेश कुमार सावरथिया ने बताया कि वे पिछले सत्रह वर्षो से शरद पूर्णिमा मेले में भंडारा आयोजित कर रहे हैं। इस बार भी वे अपने पूरे परिवार सहित हॉगकॉग से विशेष रूप से भारत आए हैं ताकि बाबा के भक्तों की सेवा में सहयोग कर सकें। भंडारे में न केवल भोजन-पानी बल्कि मेडिकल सुविधा और यात्रियों के पैरों की मसाज तक की विशेष व्यवस्था की गई है। सावरथिया ने सेवा को स्थायी रूप देने के लिए फतेहपुर रोड पर भंडारे के लिए भूमि भी खरीदी है, ताकि हर वर्ष सेवा सुचारू रूप से जारी रह सके।

### 70 से अधिक सेवाभावी सहयोगी कर रहे हैं सेवा

भंडारे के संचालन में सावरथिया परिवार के साथ देश-विदेश से आए लगभग 70 व्यापारी और समाजसेवी दिन-रात सेवा में जुटे हुए हैं। इनमें नवीन सावरथिया पूजा,नवल, शीतल, हनुमान कुदाल, रवि केडिया, सुनील पोदार, किशन पोदार, ऋतु पोदार, शशिकला, पवन गोयनका, राजकुमार गोयनका सहित अन्य सेवादार प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन सभी ने श्रद्धालुओं के भोजन, ठहरने और अन्य सुविधाओं में योगदान देकर सेवा भावना की अनोखी मिसाल पेश की है।

### श्रद्धा, भक्ति और सेवा का संगम

सालासर बालाजी धाम का यह शरद पूर्णिमा मेला न केवल आस्था का पर्व है, बल्कि यह मानवता और सेवा भावना का अद्भुत संगम भी है। भक्ति के साथ की जा रही सेवा गतिविधियों ने इस मेले को और भी पवित्र बना दिया है।

# राजस्थान के किसानों की हुई बड़ी जीत, जयपुर की हुंकार रैली कार्यक्रम रद्द

द डेस्प्रिंग

किसान महापंचायत द्वारा जयपुर में प्रस्तावित 6 अक्टूबर को अन्नदाता हुंकार रैली के आयोजन से पहले ही राजस्थान सरकार ने किसानों से वार्ता की । किसानो की मांगों पर सहमति बनाने का परिपत्र तैयार हुआ। अन्नदाता हूंकार रैली की आगामी तारीख किसान महापंचायत राजस्थान के कार्यकर्ताओं की रायसुमारी से राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट करेंगे। घोषणा सरकार द्वारा आयोजित किसान महापंचायत से वार्ता लगभग चार घण्टे चली। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में राजस्थान के सभी जिलों से जिलाध्यक्ष व प्रदेश के नेता मौजूद थे। सोडावास के किसान महा पंचायत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहिताश बोहरा ने किसानों को 6 अक्टूबर को होने वाली रैली स्थगित कर दी हैं

# रा .उ .मा. वि सोनड़ी में पोस्टर मे किंग प्रतियोगिता आयोजित

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनड़ी में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित मानक क्लब के तहत पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेंटर टीचर विरेन्द्र साहेवाल ने सभी विद्यार्थियों को मानकों की उपयोगिता बताते हुए आस पास के लोगो को जागरूक करने के लिए उत्साहित किया।



निर्णायकों के रूप मे प्रधानाचार्य रामनिवास , अरविन्द , लालचंद, पंकज शर्मा व मेंटर टीचर विरेन्द्र साहेवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू व काजल, द्वितीय स्थान प्रतिज्ञा व लक्ष्य , तृतीय स्थान राजपाल व मोहित तथा चतुर्थ स्थान पलक व किरण ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य व सहायक निदेशक डॉ शिवराज पारिक ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को दैनिक जीवन में काम आने में भारतीय मानक ब्यूरो के महत्व को बताया और दूसरी गतिविधियों के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बलजीत व भीमराज सहित अन्य स्टाफ साथी भी उपस्थित रहे।

# गोलूवाला कस्बे में गुरुद्वारा मेहताबगढ़ में रिसीवर एसएचओ ने कब्जा लिया

## पाठ के लिए पाठी सहित पांच जनों को नियुक्ति होगी

## इंटरनेट और स्कूल दूसरे दिन भी बंद भारी पुलिस बल तैनात

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**हनुमानगढ़( विनोद चौधरी)** । गोलूवाला कस्बे में गुरुद्वारा मेहताबगढ़ कमेटी को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच पीलीबंगा एसडीएम द्वारा नियुक्त रिसीवर गोलूवाला थाना प्रभारी हरबंस सिंह ने गुरुद्वारा का कब्जा प्राप्त कर लिया। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। शुक्रवार रात दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर लिये थे। गुरुद्वारा में शनिवार को शांति व्यवस्था बहाल रही। जानकारी मिली है कि रिसीवर एसएचओ अब गुरुद्वारा में प्रतिदिन पाठ व गुरुद्वारा में अन्य कार्य के लिए पांच जनों की नियुक्ति करने जा रहे हैं। रिसीवर की देखरेख में पाठ करने के लिए एक पाठी व चार अन्य लोगों को नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। ऐहतियात के तौर पर गुरुद्वारा परिसर के बाहर पुलिस बल तैनात है। दोनों पक्षों के लोगों पर पुलिस निगरानी रख रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अफवाहों पर शिकंजा कसने के प्रयास में इंटरनेट सेवाएं आज दूसरे दिन भी बंद रही। सुख्क्षा कारणों के चलते स्कूलों की भी आज छुट्टी रही। झगड़े में घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। शांति बनाए रखने के लिए धारा 163 भी लागू रही। यह विवाद सांप्रदायिक तनाव का रूप न ले सके, ऐसे में पुलिस व प्रशासन बेहद सतर्क है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने गोलूवाला में डेरा डाला हुआ है।

#### माँ जगदम्बे की प्रतिमा का हुआ विसर्जन, जगदम्बे के दरबार में बही भजनों की रसगंगा, झूमें श्रोता

# भजन गायक ताराचंद चेजारा, हरीश शर्मा ने एक से बढ़कर एक भजनों के माध्यम से माँ भगवती को रिझाया

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**लक्ष्मणगढ़ - (सीकर)** । शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ से ही संपूर्ण कस्बा भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ हैं। वही कस्बें में अलग-अलग स्थानों पर दुर्गा पूजा महोत्सवों का आयोजन गया। इसी बीच कस्बें के सामाजिक कार्यकर्ता ताराचंद चेजारा के निवास स्थान पर मां भगवती की पूर्ण श्रद्धा के साथ विशेष पूजा अर्चना एवं आराधना की गई। गुरुवार को दशहरे के पावन अवसर पर धूमधाम से भव्य जुलूस के साथ नाचते, गाते माँ भगवती का विसर्जन तोदी कॉलेज स्थित जोहड़े में किया गया। विसर्जन से पूर्व रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में भजन गायक ताराचंद चेजारा व हरीश शर्मा के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति के माध्यम से माँ जगदम्बे को रिझाया गया। भव्य जागरण की शुरुआत भगवान गणपति जी की वंदना के साथ की गई, इसके बाद साथी हमारा कौन बनेगा, मनड़ा रे जे तू बालाजी न ध्याव, कीर्तन की हैं रात, भेरू जी महाराज, माँ अम्बे की मूल भवानी, ऊंचे पहाड़ों वाली, जिस भजन में राम का नाम ना हो, ल्याया माँ थारी चुनरी, कीर्तन की हैं रात, देना हो तो दीजिए सहित एक से बढ़कर एक भजनों के माध्यम से माँ जगदम्बे को रिझाया गया। जागरण में ढोलक वादन में राजकुमार शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं। इस दौरान श्रोता झुम उठें। इस अवसर पर ताराचंद संगीता चेजारा, पिंटू सुरेका, नवीन चेजारा, उमेश कुमावत, विकास भंडारी, सूर्यकांत शर्मा, संपत पाराशर, फूलचंद चेजारा, अंकित चेजारा, सुनील चेजारा, सचिन चेजारा, रौनक चेजारा, अनमोल सुरेका, रुद्राक्ष ढंढ, कार्तिक ओझा, नीतू ढंढ, सुमित्रा देवी, तेजस्वी, नेहा, मोहिनी, पायल, ज्योति कुमावत, किरण काबरा, जयश्री सैन, भारती महर्षि, माया ओझा, सुनीता सैन, कंचन सैन, पिंकी सैन, अनिता पाराशर, प्रीति जड़िया, अनसुइया देवी सहित भक्तगण मौजूद रहें।



# चक 21 आरडब्यूडी (सरदारपुरा खालसा) में 6 अक्टूबर को सत्संग कार्यक्रम आयोजित होगा

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)**। थालड़का के निकटवर्ती चक 21 आरडब्यूडी (सरदारपुरा खालसा) में 6 अक्टूबर रात्रि को सत्संग स्व. ईशर राम बरोड़ की 10 वीं पुण्यतिथि पर सत्संग का आयोजन किया जा रहा है?। और है बाहर से आने वाले प्रेमियों के लिए जलपान की व्यवस्था होगी।सत्संग को लेकर के बरोड़ परिवार तैयारी में लगा हुआ है। बताया कि सत्संग कार्यक्रम में गायक कलाकार बुधराम शीला (खोडा) अपने सेवा देंगे।

# सेवा पर्व पंखवाडा के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर -2025 के दौरान सफलता की कहानी

द डेस्प्रिंग



**नेमीचंद सोनी डांवर लुणा** । राज्य सरकार द्वारा संचालित सेवा पर्व पंखवाडा के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर-2025 ग्राम पंचायत लूणा घंटियाली में आज दिनांक 04.10.2025 को आयोजित शिविर में लाभार्थियों द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित होने पर ग्रामीणजनों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार श्री भजनलाल शर्मा जी का आभार व्यक्त किया गया शिविर प्रभारी सांगसिंह राठौड अति. विकास अधिकारी एवम् बजरंगलाल मीणा तहसीलदार घंटियाली द्वारा लाभार्थी श्री अमरा राम व गणेश प्रसाद पुत्रगण रामा किशन जाति ब्रहमाण परमा देवी पत्नी लक्ष्मण राम जाती जाट नि. तुणा को राज्य सरकार के द्वारा 2025 में राजस्व विभाग के संचालित सेवा पर्व पंखवाडा के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर आपसी सहमती से खाता विभाजन में खाता का विभाजन किया जाकर कैंप में मोके पर खातेदारों को लाभ पहुँचाया ।

# वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत बाघ मेला का हुआ आयोजन

धौलपुर, विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत तीसरे दिन धौलपुर जिले में विविध जनजागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में वन विभाग ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, धौलपुर में टाइगर वॉच संस्थान के सहयोग से "बाघ मेला" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को वन्यजीवों की फोटोग्राफ प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही निबंध लेखन, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में धौलपुर करौली टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्र में स्थित रा.उ.मा.वि. सेवर पाली में AFD की सहायता से संचालित RFBDP योजना के अंतर्गत निबंध लेखन, चित्रकला एवं चित्र पहचान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम सोने का गुर्जा में EDC की बैठक कर स्थानीय समुदाय को वन्यजीव एवं प्रकृति संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा संरक्षण से जुड़ी भ्रांतियों का निवारण किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम झिरी, सेवर पाली एवं सोने का गुर्जा में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन एवं मानव-प्रकृति सहअस्तित्व का संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, युवाओं एवं ग्रामीण समुदाय में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में सहभागिता बढ़ाने तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना सुदृढ़ करने का सफल प्रयास किया गया। उल्लेखनीय है कि 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्यजीव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।



# नागौर जिले में पशु मेले बंद होने की कगार पर : मिर्धा

## मनीष मिर्धा रहे डेगाना के एक दिवसीय दौर पर




द डेस्प्रिंग

**डेगाना।** मिर्धा परिवार के मनीष मिर्धा डेगाना के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान मनीष मिर्धा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी केवल वोटो की राजनीति करती है और आज जो नागौर जिले में सबसे ज्यादा पशु मेले भरे जाते थे वह आज बंद होने की कगार पर खड़े हैं इसके लिए भारतीय जनता पार्टी जिम्मेदार है उन्होंने बताया कि लोग खेती में अधिक बारिश होने से या फ़सल खराब होने से किसनो को नुकसान उठाना पड़ता है वह दूसरी आमदनी के लिए पशुपालन करते हैं जिसमें आज ही डेगाना क्षेत्र के एक किसान ने चार लाख रुपए का बछड़ा बेचा गया तो पशुपालन करके वह अपना आमदनी बढ़ाते हैं इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक कर रही है और जो बड़े-बड़े नागौर जिले में पशु मेले भरते थे वह आज लुप्त होते जा रहे हैं। इसके लिए किसानों को एक साथ होकर आने वाले समय में इनका विरोध करना पड़ेगा और जो आज राजनीतिक हो रही है उसे ऊपर उठकर एक साथ होकर भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाना होगा।

# अमन ठाकुर की गोली मारकर हत्या करने मामले में फरार चौथा आरोपी अंकित उर्फ छोटू गिरफ्तार

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़



**भरतपुर** ।महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द विश्नोई आईपीएस एवं धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में एवं डॉ कमल कुमार आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी जिला धौलपुर व नरेन्द्र मीणा आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा के निकटतम सुपरविजन में व थानाधिकारी बृजेश मीणा पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दिनांक 23 सितम्बर 2025 को ग्राम नगला दरवेशा में अमन ठाकुर की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में चौथा आरोपी अंकित उर्फ छोटू पुत्र मनोज जाति ठाकुर निवासी पूठपुरा थाना बसेड़ी जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया है।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 24 सितम्बर 2025 को जितेन्द्र परमार पुत्र कमल सिंह जाति ठाकुर उम्र 30 साल निवासी नगला दरवेशा थाना बसेड़ी जिला धौलपुर ने मामला दर्ज कराया कि दिनांक 23 सितम्बर 2025 को मेरा भतीजा अमन खोखा (दुकान) पर सामान लेने गया था। इतने में वहां पर बसेड़ी की तरफ से दो मोटरसाइकिलों पर सवार अंकित उर्फ लुक्का, विवेक अन्य 06 लड़के आये और अमन के साथ मारपीट कर पेट में गोली मारकर भाग गये। अमन को धौलपुर हॉस्पीटल लेकर गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर मुकदमा धारा बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान किया गया। प्रकरण में अब तक के अनुसंधान से आरोपियों के विरूद्ध धारा बीएनएस व आर्म्स एक्ट का अपराध प्रमाणित पाया गया है। दिनांक 03 अक्टूबर 2025 को बृजेश मीणा पुलिस निरीक्षक एवं गठित टीम ओमप्रकाश एएसआई, सतेन्द्र कान्स्टेबल, योगेश कान्स्टेबल के द्वारा आरोपियों की थाना इलाके में गहनता से तलाश की गई। तलाश के दौरान हत्या के चौथे आरोपी अंकित उर्फ छोटू पुत्र मनोज जाति ठाकुर निवासी पूठपुरा थाना बसेड़ी जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया। हत्या के दो आरोपी विवेक ठाकुर व अंकित उर्फ लुक्का को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है एवं एक बालक को निरूद्ध किया जा चुका है। अन्य आरोपियों की गठित टीमों द्वारा गहनता से तलाश जारी है।

# राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत ने खिलाड़ियों की मांगों को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा को सौंपा ज्ञापन

## स्कूली खिलाड़ियों का दैनिक भत्ता 150 रुपए से 400 रुपए करने की मांग

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़



अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एवं राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत द्वारा खिलाड़ियों के लिए राजस्थान खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का दैनिक भत्ता हेतु अलग से खेल फंड व्यवस्था के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा मोतीलाल मीणा को ज्ञापन सौंपा गया। राजस्थान शिक्षक संघ के सत्यनारण भट्ट ने खिलाड़ियों की समस्याओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा मोतीलाल मीणा को ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग रखते हुए कहा कि वर्तमान में खिलाड़ियों को दैनिक भत्ता 150 रुपए ही मिलते है जो इस महंगाई के दौर में नाकाफी है। इसलिए 400 रुपए दैनिक भत्ता किया जाए। इस पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा मोतीलाल मीणा ने खिलाड़ियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए आश्वासन दिया कि आपकी मांग सरकार तक पहुंचाई जाएगी। ज्ञापन के दौरान अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के सत्यनारायण भट्ट, चंद्रभान चौधरी,भगवान सिंह मीना ने पुरजोर तरीके से खिलाड़ियों की भावना को ध्यान में रखते हुए दैनिक भत्ता बढ़ाने की मांग की। पूर्व जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ एकीकृत भगवान सिंह मीना ने बताया कि अलग से कई बार स्कूल में फंड नहीं होने के कारण स्कूल खिलाड़ियों को नहीं भेज पाते है जिससे खेल प्रतिभाओं का हनन होता है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए सरकार से खेल का अलग से फंड व्यवस्था कर सरकार राजस्थान सरकार स्कूली खिलाड़ियों को दैनिक भत्ता बढ़ाकर राहत प्रदान की जाए। संगठन के पदाधिकारियों में राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत धौलपुर,शारीरिक शिक्षक संघ सीकर राजेश वर्मा, चित्तौड़गढ़,प्रतापगढ़ सहित अन्य जिलों के शारीरिक शिक्षकों ने राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के बैनर तले ज्ञापन दिया।

# आज होगी मनीषा कुमावत राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

द डेस्प्रिंग



**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)** । राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय राजराजेश्वर रोड की अध्यापिका मनीषा कुमावत ने एक बार फिर से राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित हो बूंदी जिले एवं केशोरायपाटन ब्लॉक का नाम रोशन किया है ।कुमावत को आज 5 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष में चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा । संस्थान आईटी मैनेजर सर्वेश तोमर ने बताया कि 5 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष में संपूर्ण राष्ट्र से लगभग 36 शिक्षकों का चयन उनके विभिन्न नवाचारों ,उल्लेखनीय कार्यों तथा उत्कृष्ट सेवाओं के आधार पर किया गया है, जिन्हें मेडिसिटी हॉस्पिटल परिसर, बड़ोत ,उत्तर प्रदेश में आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। अध्यापिका मनीषा कुमावत को यह सम्मान शिक्षा में नवाचार, बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए गए उनके विभिन्न अनुकरणीय प्रयासों तथा उत्कृष्ट शैक्षिक परिणाम के आधार पर दिया जा रहा है ।गौरतलब है कि राजस्थान सरकार द्वारा सम्मानित अध्यापिका कुमावत इससे पूर्व भी अनेक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं ।

# खाद्य विभाग द्वारा उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिये साक्षात्कार की तिथियों में किया संशोधनः कल्याण सहाय

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

न्यूज़ खाद्य विभाग राजस्थान जयपुर निर्देश पर उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति द्वारा लिए जा रहे साक्षात्कार की विभिन्न ब्लॉको मे निर्धारित आगामी तिथियों में साक्षात्कार की तिथियों में संशोधन किया गया है।

**जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय ने बताया कि** ब्लॉक बसेडी में 13 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे तथा ब्लॉक सैपऊ में 13 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे, ब्लॉक राजाखेडा में 14 अक्टूबर प्रातः 10 बजे से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में दोपहर 2 बजे, ब्लॉक बाड़ी में 15 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से ग्रामीण एवं शहरी में दोपहर 2 बजे से साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। आवेदन कर्ताओं को दिनांक एवं समय पर पहुंचने का आग्रह किया।

# महात्मा गांधी स्कूल सोनड़ी में भामाशाहों ने पंखा भेंट किया

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी)।** महात्मा गाँधी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय सोनड़ी में भामाशाह पुर्व उपप्रधान धर्मवीर गोधा एवं समाजसेवी लालचंद छिम्पा ने विद्यालय को एक-एक छत पंखा भेंट किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्योकुमार सिहाग एवं समस्त स्टाफ ने इस सहयोग के लिए दोनों दानदाताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से विद्यार्थियों को गर्मी से राहत मिलेगी तथा पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध होगा। इस मौके एसडीएमसी अध्यक्ष सहदेव देहड़ू, सुरेश छिम्पा, महिराम खाती, जगदीश पंवार, छोटूराम छिम्पा आदि उपस्थित रहे तथा स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा की उन्नति में समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।



# सीमाएं मजबूत होगी तभी हम देश मे सुरक्षित रह पायेंगे- विधायक आदु राम मेघवाल

## आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला संम्पन

## 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा अभियान

द डेस्प्रिंग



**जैसलमेर / रमेश प्रजापत ।** आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान की कार्यशाला का आयोजन शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुवा जिसमे मुख्य वक्ता व प्रभारी चौहटन के विधायक आदूराम मेघवाल थे। विधायक मेघवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुवे कहा कि आज भारत पहले का भारत नही रहा क्योंकि 2014 के बाद से जब से हमारे देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की कमान संभाली है तब से भारत बदला हुवा भारत है और आज विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने के साथ आत्मनिर्भर शक्ति के रूप में उभरा है। आज हम रक्षा के मामले में स्वदेशी हथियार बना रहे है और इसका निर्यात भी करते है। सीमा रक्षा के मामले में पूरी दुनिया भारत के लोहे को मानती है। जब सीमाएं मजबूत होगी तभी हम सुरक्षित रह पायेंगे। ओर आज हमारी सीमाएं हमारे जवानों के कारण सुरक्षित है। आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान- जय किसान का नारा दिया, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसके साथ एक शब्द जय विज्ञान ओर जोड़ कर भारत को परमाणु शक्ति वाले देश की पहिचान कराई। ओर आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन सब के आगे अनुसंधान शब्द जोड़ कर आत्म निर्भर भारत का दर्जा दिलाया। पहले जहाँ देश मे मलेरिया की कुंदन की टेबलेट नही बनती थी आज कोरोना महामारी में वेक्ससीन का उत्पादन कर देश और दुनिया को बचाने का काम किया। इससे पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में पधारे आदूराम मेघवाल का साफा, दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। कार्यशाला को , जिलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा, प्रदेश समिति सदस्य विक्रम सिंह नाचना,पूर्व विधायक शैतान सिंह राठौड़,निवर्तमान जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सारदा, जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार व्यास, ने भी सम्बोधित किया। मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम जिला संयोजक नारायण सिंह तंवर ने कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत करते हुवे कहा कि यह अभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन 25 सितंबर से शुरू किया गया है जिसका समापन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर को समापन होगा। बीच मे सेवा पहवाड़ा व जीएसटी कार्यक्रम आने से इसकी गति कम हुई जिसे अब दुगनी गति से बढाना है। आज की कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष भंवर सिंह साधना, जिला महामंत्री सुरेश सुथार, जिला मंत्री कंवराज सिंह चौहान, मदन सिंह राजमथाई, प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह चंपावत, आकाश ओझा, सुनीता भाटी, हरिवल्लभ कल्ला,स्वरूप सिंह हमीरा, ओम सेवक, पवन कुमार सिंह, सवाई सिंह गोगली, अरुण पुरोहित, मनोहरसिंह कुंडा,पदम सिंह भाटी, भूरा राम ओड, वीरेंद्र सिंह हमीरा, महेंद्र सिंह दुजासर, लूण सिंह राजपुरोहित, मनोज भाटिया, निम्बदान चारण, सभी मंडल संयोजक, मंडल प्रभारी व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री मदन सिंह राजमथाई ने किया

## आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर बैठक सम्पन्न हुई



द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)।** भारतीय जनता पार्टी केशोरायपाटन शहर व ग्रामीण मंडल के तत्वावधान में शनिवार को आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर बैठक सम्पन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री योगेन्द्र श्रृंगी ने कहा किआत्मनिर्भर भारत अभियान के मुख्य उद्देश्य स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना,डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया को गति देना,'वोकल फॉर लोकल' यानी स्थानीय उत्पादों का प्रयोग और प्रचार,छोटे, मध्यम और लघु उद्योगों (स्स्स्ब्) को मजबूत करना,कृषि क्षेत्र, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार करना है । कार्यक्रम में शहर मंडल अध्यक्ष विनोद नामा,पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश सिंह जादौन,संयोजक आत्मनिर्भर भारत संयोजक ब्रजेश शर्मा,केशव श्रृंगी,उपाध्यक्ष ललित नामा,जुझार सिंह,दीनदयाल गोचर,रफीक रंगरेज, महेश मेघवाल, कोषाध्यक्ष रामचरण बेथरिया,शहर महामंत्री प्रवीण चित्तौड़ा,ग्रामीण महामंत्री महावीर शर्मा,मंडल प्रतिनिधि भेरुलाल नागर,वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि गणेश गुर्जर,वरिष्ठ नेता बद्रीप्रसाद गौतम,श्रीनाथ पोकरा,नन्दप्रकाश खारवाल,शम्भूदयाल सोनी,शम्भूदयाल श्रृंगी,पार्षद भोजराज गुर्जर,हरजीत केवट,भानुप्रकाश नामा,राजेश सैनी,शुभम शर्मा,दिनेश नागर,बूथ अध्यक्ष अक्षय वाल्मीकि, नागेश श्रृंगी,मोहित बागड़ी,जेताराम मरुभाट,मंजूर अहमद,मनीष राठौर,ब्रजबिहारी शर्मा,नवीन राय,विक्की संधू,राकेश प्रजापत,शशि शर्मा,विक्की वाल्मीकि,मिथलेश कुशतला,अभिषेक भारद्वाज,हजारीलाल मेघवाल,ओमप्रकाश शर्मा,सी पी ओझा,रूपचंद नामा,छीतरलाल मालव,मनीष डागर, आत्माराम योगी,रामलाल मीणा,दिलराज सिंह,श्याम नागर सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वन व वन्य जीवों का संरक्षण संवर्धन हमारी जिम्मेदारी -शेखावत

द डेस्प्रिंग



**सादड़ी / नगराज वैष्णव ।** 4अक्टूबर।वन व वन्य जीव हमारी राष्ट्रीय धरोहर है,इनका संरक्षण संवर्धन करना हमारी जिम्मेदारी है।इस हेतु हर नागरिक का जागरुक होना जरुरी है।वन्य प्राणी सप्ताह मनाने का यही हेतु है। उक्त उद्गार क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने स्थानीय पीएम श्री श्री धनराज बदामिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सादड़ी में वन्य जीव सप्ताह के तहत आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए। शेखावत ने कहा कि वन व वन्य जीव संरक्षण हेतु बने कानून की हर व्यक्ति को जानकारी होनी चाहिए। अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली ने कहा कि वन व वन्य जीव हमारे लिए प्रकृति प्रदत्त उपहार है,इनको बचाना हमारा दायित्व है।हर व्यक्ति प्रकृति मित्र बनकर इनका संरक्षण संवर्धन करें।इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सचिव डॉ गिरधारी लाल देवड़ा, विजय सिंह गौड व वनपाल ईश्वर सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य मधु कुमारी गोस्वामी ने की। सरस्वती पूजन से प्रारंभ हुई इस संगोष्ठी में सर्वप्रथम अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया।कविता कंवर ने वन्य जीव सप्ताह की जानकारी दी। इससे पहले मनीषा ओझा, मनीषा सोलंकी व सुशीला सोनी के निर्देशन में भाषण निबंध चार्ट निर्माण व क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वीरम राम चौधरी रमेश सिंह राजपुरोहित व रमेश कुमार वछेटा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।मंच संचालन कन्हैयालाल ने किया।इस अवसर पर वनरक्षक सतीश कुमार, बजरंग सिंह शेखावत, गणपत नाथ,जीवन सिंह सहित वनकर्मी व गजेन्द्र सिंह समेत विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। उल्लेखनीय है कि नागरिकों में धन्य जीवों के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से 2अक्टूबर से 8अक्टूबर तक वन्य जीव सप्ताह मनाया जाता है।

# जैसलमेर-आईएफडब्ल्यूजे ने किया पोकरण विधायक महंत प्रताप पूरी का सम्मान, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत रहे मुख्य अतिथि,पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों का हुआ समागम

द डेस्प्रिंग




**जैसलमेर-रमेश प्रजापत ।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) की जैसलमेर जिला इकाई द्वारा शनिवार को एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह पोकरण विधायक एवं तारातरा मठ के महंत प्रताप पूरी को संगठन में विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किए जाने के उपलक्ष में रखा गया। समारोह का आयोजन शहर की सीवी सिंह कॉलोनी स्थित होटल प्रिया में हुआ, जिसमें पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों का सुगम समागम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, भाजपा जिलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा, पोकरण के पूर्व विधायक शैतानसिंह राठौड़, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, संगठन के जिला संरक्षक विमल भाटिया और आईएफडब्ल्यूजे जिलाध्यक्ष गणपत दैया शामिल रहे। समारोह में सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन से जुड़े पत्रकारों ने महंत प्रताप पूरी को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर बधाई दी और उन्हें पत्रकार हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि "पत्रकार समाज का आईना होता है। लोकतंत्र के इस चौथे स्तंभ की जिम्मेदारी आज के डिजिटल युग में और बढ़ गई है। सोशल मीडिया ने जहां संवाद को आसान बनाया है, वहीं विश्वसनीयता बनाए रखना आज पत्रकारों की सबसे बड़ी चुनौती है।" उन्होंने आईएफडब्ल्यूजे के माध्यम से पत्रकारों को संगठित और सशक्त बनाए जाने के प्रयासों की सराहना महंत प्रताप पूरी ने अपने संबोधन में कहा कि "आईएफडब्ल्यूजे जैसे राष्ट्रीय संगठन से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। पत्रकार समाज सच्चाई को समाज के सामने लाने का काम करता है, और मैं हमेशा पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके हितों के लिए कार्य करूंगा।" उन्होंने कहा कि संवाद ही लोकतंत्र की आत्मा है और पत्रकारिता उस संवाद को जीवंत बनाए रखती है। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष गणपत दैया ने सभी अतिथियों का आभार जताया। समारोह में जिले भर से आए पत्रकारों ने संगठन के प्रति एकजुटता का संदेश दिया और भविष्य में भी इसी तरह पत्रकार एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

# भामाशाह उद्योगपति समाजसेवी पवन निखिल सिंघानिया कोलकाता ने सालासर बालाजी के दर्शन कर की पूजा अर्चना

द डेस्प्रिंग



**सालासर / पप्पू लाल शर्मा ।** सिद्धपीठ सालासर बालाजी मंदिर में पवन निखिल सिंघानिया कोलकाता ने शनिवार को परिवार सहित श्री सालासर बालाजी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। सालासर पुजारी कमल पुजारी, आलोक पुजारी,हेरेम्ब पुजारी, रोहित पुजारी परिवार ने पवन कुमार सिंघानिया धर्मपत्नी का अभिनंदन, स्वागत किया। इस दौरान कमल पुजारी ने सालासर बालाजी के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए सालासर स्थल पर कराए जा रहे विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर धाम के भविष्य में कराए जाने वाले विकास कार्यों के बारे में अवगत करवाया। पवन कुमार सिंघानिया कोलकाता ने बालाजी महाराज मंदिर में दर्शन कर,बालाजी महाराज से सुख समृद्धि की कामना की। बाबा मोहन दास महाराज की समाधि पर पूजा अर्चना की। अखंड धूणा पर शीश नवाया। कमल पुजारी ने पवध कुमार सिंघानिया का माल्यार्पण कर दुपट्टा ओढ़ाकर कर बालाजी महाराज तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया।

## अमन के सिपाही: सिविल डिफेंस बरेली सड़कों पर

द डेस्प्रिंग




**(अनुभव मोहन जसक्सेना ब्यूरो बरेली)।** बरेलीशहर में शांति और व्यवस्था बनाए रखने में सिविल डिफेंस बरेली के स्वयंसेवक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में, बरेली सिविल डिफेंस के जवान पूरे शहर की सड़कों पर सक्रिय रूप से तैनात दिखे, जो पुलिस और प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर काम कर रहे हैं। उनका यह योगदान दर्शाता है कि कैसे आम नागरिक भी शहर की सुरक्षा और सद्भाव में भागीदार बन सकते हैं। सिविल डिफेंस के ये स्वयंसेवक न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद करते हैं, बल्कि वे यातायात प्रबंधन और आपदा की स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने में भी आगे रहते हैं। उनकी उपस्थिति से सड़कों पर अनुशासन और नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है। विशेषकर संवेदनशील समयों पर, सिविल डिफेंस के जवान जागरूकता फैलाने और अफवाहों को रोकने में प्रशासन की बड़ी मदद करते हैं। सिविल डिफेंस बरेली की टीम द्वारा सड़कों पर आकर सेवा देना यह संदेश देता है कि सामुदायिक सहयोग ही किसी भी शहर की शांति की नींव होता है। ये निस्वार्थ सिपाही, बिना वर्दी के, शहर की सुरक्षा दीवार बनकर खड़े हैं, जो हर नागरिक को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

# रक्त मित्र समिति बनी जीवन रक्षक: समय पर रक्तदान कर बचाई पायल सिकरवार की जान

**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़"**



रक्तदान एक ऐसा महादान है, जो न केवल जीवन बचाता है, बल्कि इंसानियत की सच्ची मिसाल भी पेश करता है।" धौलपुर जिले के ध्वजपुरा बाड़ी निवासी पायल सिकरवार/मोहित को जब अचानक गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें 5 यूनिट रक्त की तत्काल आवश्यकता है।

परिजनों ने प्रयास कर 2 यूनिट रक्त की व्यवस्था तो कर ली, लेकिन बाकी 3 यूनिट के लिए वे काफी चिंतित और परेशान थे। इसी बीच, यह जानकारी रक्त मित्र समिति के सक्रिय अध्यक्ष जयंत ठाकुर को मिली। उन्होंने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई की और समिति के एक अन्य समर्पित सदस्य रोहित परमार से संपर्क किया। रोहित परमार ने मानवता का परिचय देते हुए अपने सभी काम छोड़कर अस्पताल पहुँचने का निर्णय लिया और एक यूनिट रक्त तुरंत दान किया। उनका यह त्वरित और निःस्वार्थ कदम पायल के लिए संजीवनी साबित हुआ। यह घटना न केवल एक जीवन की रक्षा का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जब समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता का भाव जीवित रहता है, तब कोई भी मुश्किल बड़ी नहीं होती। रक्त मित्र समिति, धौलपुर का यह योगदान समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत है और यह उदाहरण देता है कि हम सभी मिलकर एक-दूसरे की जिंदगी बचा सकते हैं – सिर्फ एक छोटी सी नेक पहल से।

# जसवंत प्रदर्शनी में 200 से अधिक बच्चों को पिलाई स्वर्णप्राशन ड्राप्स



द डेस्प्रिंग

**भरतपुर ।** आमजन के अच्छे स्वास्थ्य और चिकित्सा हेतु राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की श्रृंखला में जसवंत प्रदर्शनी दशहरा मेला में शिविर आयोजित कर 16 साल तक के 200 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क स्वर्ण प्राशन ड्राप्स पिलाई गई। प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह के निर्देशन में लगाए गए शिविर का शुभारंभ उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित की मौजूदगी में आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ सतीश लवानिया उपनिदेशक डॉ साधुराम शर्मा मेला अधिकारी डॉ रामकिशन महावर डॉ वीरेंद्र सिंह डॉ प्रियंक शर्मा द्वारा शिविर में आए बच्चों को स्वर्णप्राशन पिलाकर किया गया। इस अवसर पर शिविर समन्वयक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा बच्चों को जंक फ़ूड पिज्जा,बर्गर, चाउमिन आदि के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए हरी सब्जियां,ऋतु फलों एवं ताजा खान-पान के महत्व और प्रतिदिन योग व्यायाम करने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को नशीली चीजों बीड़ी सिगरेट तंबाकू गुटखा शराब आदि के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में बच्चों को डॉ प्रियंक शर्मा द्वारा योग व्यायाम कराया गया। शिविर में फीमेल नर्स सुनीता कुमारी मेल नर्स कृष्ण पूजन रामवीर सिंह द्वारा सेवाएं प्रदान की गई।

# जयपुर में हुआ इंटर लॉ कॉलेज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

द डेस्प्रिंग







**जयपुर ।** दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन एवं अपेक्स यूनिवर्सिटी मानसरोवर के तत्वावधान में इंटर लॉ कॉलेज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन मानसरोवर स्थित अपेक्स स्कूल ऑफ लॉ, अपेक्स यूनिवर्सिटी मानसरोवर में करवाया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति श्रीमान अशोक कुमार जैन साहब व पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि के तौर पर श्रीमान गोपाल शर्मा जी विधायक सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र ने पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बार के अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत एवं कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट शशांक सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में समस्त जयपुर एवं आसपास के जिलों से लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने डिबेट, शतरंज एवं क्विज प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

डिबेट प्रतियोगिता में ईकफाई यूनिवर्सिटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में दिल्ली की जामिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी विजेता रही। वहीं चेस प्रतियोगिता में राजस्थान विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज ने बाज़ी मारी।

# लायंस क्लब द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत पीस पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

द डेस्प्रिंग




**भरतपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा आयोजित सात दिवसीय सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत लायंस क्लब भरतपुर रॉयल द्वारा शनिवार को हम साथ साथ हैं विषय पर आयोजित पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन विवेकानंद पब्लिक स्कूल में किया गया। सेवा सप्ताह के संयोजक अमित खंडेलवाल और जय किशन चाहर ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग। क्लब अध्यक्ष बीएम गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन होता है। पोस्टर प्रतियोगिता के प्रभारी सत्यव्रत आर्य एवं रोहित गोयल द्वारा विद्यार्थियों को इसी प्रकार अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विजेता प्रतिभागियों में कक्षा 6 में जिया खान प्रथम, प्रियंका शर्मा द्वितीय, विदिशा सिंघल तृतीया, कक्षा 7 में श्रेया महर्षि प्रथम, पारुल द्वितीय, तुषार गोयल तृतीय, कक्षा 8 में अर्पित अग्रवाल प्रथम, मानवी जैन द्वितीय, आशी गोयल तृतीय, कक्षा 9 में शौर्य गर्ग प्रथम, ईम्मी सहगल द्वितीय, सृष्टि शर्मा तृतीय तथा कक्षा 10 में दिव्यांशी खंडेलवाल प्रथम, अंशिका गुप्ता द्वितीय, विशांत सिंघल तृतीय स्थान पर है। सभी विद्यार्थियों को शील्ड एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। क्लब कोषाध्यक्ष मनु राणा सभी का आभार जताया। संचालन डायरेक्टर ज्योति आर्य ने किया।

# जिलाध्यक्ष बबीता शर्मा का किया स्वागत



द डेस्प्रिंग

**भरतपुर ।** विकसित भारत आर्मी ट्रस्ट महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कल्पेश शर्मा, लालसिंह, राहुल सिंह युवा जिलाध्यक्ष विकसित भारत आर्मी ट्रस्ट द्वारा नव नियुक्त महिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर जिलाध्यक्ष बबीता शर्मा का स्वागत किया गया जिसमें माला दुपट्टा तथा विकसित भारत आर्मी ट्रस्ट की तस्वीर भेंट कर किया गया तथा विकसित भारत आर्मी ट्रस्ट भरतपुर द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की तथा आगामी दिनों विकसित भारत आर्मी ट्रस्ट द्वारा कार्यों को साथ मिलकर किया जाएगा

## सौरभ भारद्वाज ने मोदी सरकार के किस काम की तारीफ की, कहा- उम्मीद से भी बेहतर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह की कटुता दिखती है, उसमें एक दूसरे की तारीफ, सराहना दुर्लभ है। ऐसा ही एक दुर्लभ नजारा तब दिखा जब आम आदमी पार्टी (आप) के एक नेता ने मोदी सरकार के एक काम की तारीफ की। दिल्ली के आप संयोजक और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रेलवे में साफ-सफाई को लेकर यह सराहना की है। उन्होंने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्लीपर क्लास के वेटिंग हॉल की व्यवस्था इतनी पसंद आई कि उन्होंने एक वीडियो बनाकर इसकी तारीफ की। आप के दिल्ली संयोजक और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखे हमले के लिए जाने जाते हैं। इस बीच उन्हें रेलवे स्टेशन पर कुछ उम्मीद से बेहतर दिखा तो उन्होंने इसकी तारीफ की। भारद्वाज ने कहा कि वह वैसे तो रेल विभाग ने रेल दुर्घटनाओं में रिकॉर्ड बनाया है, लेकिन आज कुछ अच्छा दिखा तो सोचा इस बात पर विभाग की तारीफ की जाए। 53 सेकेंड के एक वीडियो में सौरभ भारद्वाज ने कहा, मैं आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हूं। कई बार मैंने रेलवे विभाग और खासतौर पर इनके मंत्री अश्विनी वैष्णव की आलोचना की है कि ट्रेन दुर्घटनाएं बहुत हुईं और यह सच भी है। मगर आज मैं प्लेटफॉर्म नंबर एक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आया हूं। और मैं स्लीपर क्लास के वेटिंग रूम में गया। मैंने यहां का शौचालय इस्तेमाल किया और वो मेरी उम्मीद से बेहतर था।

## दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल को एक और कायमाबी, रोहित गोदारा गैंग के 2 शूटर्स का किया एनकाउंटर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने विदेश में छुपकर बैठे भारत के गैंगस्टर्स का नेटवर्क ध्वस्त करने की मुहिम में एक और कामयाबी पाई है। स्पेशल सेल ने शुक्रवार सुबह दिल्ली के कापसहेड़ा इलाके में हुई मुठभेड़ के बाद रोहित गोदारा गैंग के दो शूटर्स को गिरफ्तार कर लिया। एनकाउंटर के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हुए दोनों बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए शूटर्स के नाम आकाश राजपूत और महिपाल हैं। आकाश राजस्थान के श्रीगंगानगर का रहने वाला है, जबकि महिपाल भरतपुर का निवासी है। पुलिस ने बताया का आकाश राजपूत जुलाई 2022 में हरियाणा के करनाल जिले के असंध स्थित एक अस्पताल के बाहर हुई फिरौती के लिए हुई गोलीबारी की घटना में शामिल रहा है। यह गोलीबारी विदेश बैठे गैंगस्टर दलेर कोटिया ने करवाई थी। वो जुलाई 2025 में गुजरात में फिरौती के लिए एक कारोबारी के अपहरण की घटना में भी वॉन्टेड चल रहा था, जिसमें विदेश बैठे गैंगस्टर किरितसिंह झाला ने पीड़ित से 100 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। आकाश राजपूत के ऊपर राजस्थान पुलिस ने 20,000 रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा है। वह वॉन्टेड चल रहे राजस्थान के इनामी गैंगस्टर जगदीश जागला और अभिषेक गौड़ के माध्यम से रोहित गोदारा–गोल्डी बराड़–वीरेंदर चारण गैंग के साथ जुड़ गया था तथा भारत से विदेश भागने के लिए फर्जी पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर चुका था।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे बनेगा ग्रीन कॉरिडोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को ग्रीन नमो वन, हरित जैव-विविधता कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को फरीदाबाद के सेक्टर-9 चौक पर पौधरोपण कर इस काम की शुरुआत की। सीएम सैनी ने कहा कि पौधरोपण से न केवल एक्सप्रेसवे की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम भी हो सकेगी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में साढ़े तीन लाख पौधे लगाए जाएंगे। शहर में बदरपुर बॉर्डर से सेक्टर-59 तक करीब 24 किलोमीटर लंबा बाईपास रोड है। एनएचएआई की ओर से इसे डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे के लिंक रोड के रूप विकसित किया गया है। निर्माण से पूर्व सड़क के दोनों ओर लगे हजारों पेड़ों को काट दिया गया था। इनमें स्थान पर लाखों पेड़-पौधे लगाने की बात कही गई थी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने दो साल बाद योजना पर काम शुरू कर दिया है। सीएम के उद्घाटन समारोह से पौधरोपण अभियान शुरू हो गया। ये सुविधाएं विकसित की जाएंगी ~ यह हरित जैव-विविधता कॉरिडोर न केवल क्षेत्र में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाएगा, बल्कि यहां पर कई अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। कॉरिडोर के बीच-बीच में पार्क बनाए जाएंगे। इसके अलावा यहां लोगों के बैठने के लिए बेंच लगाई जाएंगी, सैर करने के लिए ट्रैक बनेगा।

## दिव्यांगों की देखभाल करने वालों को मिलेंगे 6000 रूपये महीना

### नोटिफिकेशन जारी; क्या हैं शर्तें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में 60 से 100 फीसदी तक दिव्यांग की देखरेख करने वालों को सरकार छह हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि देगी। यह राशि दिव्यांग के बैंक खाते में ही जाएगी ताकि अगर देखरेख करने वाला बदले तो यह राशि उसे ही मिले। दिल्ली सरकार की इस योजना को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। जल्द ही आवेदन ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर किए जा सकेंगे। राजधानी में बड़ी संख्या में ऐसे दिव्यांग हैं, जो अकेले चलने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे दिव्यांगों की देखरेख करने के लिए हमेशा कोई शख्स उनके आसपास चाहिए होता है। वह कोई परिवार का सदस्य या नजदीकी हो सकता है। ऐसे लोगों के लिए सरकार यह सहायता योजना लेकर आई है। अगर किसी भी समय आवेदक द्वारा दी गई जानकारी में असत्यता मिली तो कानूनी कार्रवाई के साथ जारी की गई राशि को वापस वसूला जाएगा।

**सभी कश्मीरी विस्थापित परिवारों को राहत भत्ता:** इसके साथ ही, कश्मीरी विस्थापितों को मिलने वाले राहत भत्ते को लेकर दिल्ली सरकार ने गुरुवार को अहम निर्णय लिया। सरकार ने इनकी राहत राशि की प्रक्रिया को आसान करते हुए पारिवारिक आय सीमा को खत्म कर दिया है। फैसले के बाद सभी पंजीकृत कश्मीरी विस्थापित



परिवारों को राहत भत्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि तीन दशकों से अपने घरों से दूर रह रहे कश्मीरी हिन्दू विस्थापितों के जीवन में यह फैसला नई किरण लेकर आएगा।

## एनसीआर के घरों पर बुलडोजर का खतरा

- हजारों घरों को जमींदोज करने के बाद अब सोहना में भी हजारों घरों पर बुलडोजर ऐक्शन का खतरा मंडरा रहा है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में बुलडोजर ऐक्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कुछ सालों में हजारों घरों को जमींदोज करने के बाद अब सोहना में भी हजारों घरों पर बुलडोजर ऐक्शन का खतरा मंडरा रहा है। शहर के वार्ड 13 स्थित पहाड़ कॉलोनी और पीर कॉलोनी के निवासियों को विधायक तेजपाल तंवर से बड़ी राहत मिली है। निवासियों ने हरियाणा पर्यटन निगम की करीब साढ़े नौ एकड़ ज़मीन पर बने अपने हजारों पक्के घरों को न उजाड़ने की गुहार लगाई थी, जिस पर विधायक ने उन्हें उनके पक्के मकानों को नहीं टूटने देने का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को इन कॉलोनियों से 100 से ज्यादा लोग भोंडसी स्थित विधायक तंवर के निवास पर उनसे मिलने पहुंचे। इन निवासियों में पूर्व पार्षद अनिल कुमार, वर्तमान महिला पार्षद आशा के पति टेकचंद, विनोद, टीटू, निल कमल, मंजित, जूम्मा समेत कई लोग शामिल थे। इन सभी ने विधायक के समक्ष अपने पक्के मकानों को न तोड़ने और उन्हें बेघर होने से बचाने की पुरजोर मांग की। इस दौरान लोगों के चेहरे पर दर्द और गुस्सा दोनों साफ दिख रहा था।

इस मामले को पूरी तरह समझने और सुनने के बाद भोंडसी के विधायक तेजपाल तंवर ने दोनों कॉलोनी के निवासियों को विश्वास दिलाया कि उनके मकानों को किसी भी हाल में नहीं उजाड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही इस मामले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बात करेंगे। विधायक ने अधिकारियों से फोन पर बात की और उन्हें किसी भी प्रकार से मकानों को नुकसान न पहुंचाने का आश्वासन दिया।

बता दें कि पर्यटन निगम की जमीन पर भू-माफियाओं ने हजारों लोगों को पर्यटन निगम की जमीन पर प्लॉट काट कर बेच दिए गए। पीर और पहाड़ा कॉलोनी में लोग बीते दो दशक से मकान बना कर रह रहे हैं।

## तानाशाही रोकना है तो...; भाकियू नेता राकेश टिकैत की किसानों से अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गुरुवार को कहा कि तानाशाही से निपटने के लिए किसानों में एकजुटता और आंदोलन जरूरी है। सरकार आंदोलन दबाने का प्रयास करती है, लेकिन हमें एक जुट होना है। राकेश टिकैत ने ये बातें यूपी गेट पर दो अक्तूबर को भाकियू के हवन में कहीं। इस दौरान गाजियाबाद और दिल्ली का भारी पुलिस बल तैनात रहा। साल 2018 में किसान क्रांति यात्रा को यूपी गेट पर ही दिल्ली पुलिस ने रोका था। किसान दिल्ली में महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर जा रहे थे। तभी से हर साल दो अक्तूबर को इसकी याद में यूपी गेट पर भाकियू हवन करती है और क्रांति दिवस मनाती है। गुरुवार को सुबह से ही यूपी गेट पर गाजियाबाद और दिल्ली पुलिस ने बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया था। साढ़े नौ बजे से किसान नेताओं का आना शुरू हुआ।

## दिल्ली में पहले चरण में बनेंगे 3 मिनी सचिवालय

### जगह भी हुई फाइनल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में लोगों की समस्याओं के जल्द समाधान के लिए मिनी सचिवालय बनाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। पहले चरण में तीन मिनी सचिवालय बनाने के लिए स्थान भी चिह्नित कर लिए गए हैं। यह मिनी सचिवालय पूर्वी, दक्षिण-पश्चिम और नई दिल्ली में बनेंगे।

इन स्थानों के बारे में दिल्ली सरकार को जानकारी दे दी गई है। उनके निर्देश पर जल्द ही यहां कार्यालय बनाने का काम शुरू होगा। अन्य जिलों में भी जल्द मिनी सचिवालय के लिए स्थान



चिह्नित करने के निर्देश सरकार ने दिए हैं। दिल्ली में बेहतर तालमेल के साथ काम करने के लिए सरकार द्वारा जिलों की संख्या बढ़ाकर 11 से 13 किए जा रहे हैं। इनमें से एक जिला एनडीएमसी क्षेत्र दिल्ली छावनी क्षेत्र को मिलाकर होगा। वहीं, 12 जिले निगम के प्रत्येक जोन के क्षेत्र के बराबर होंगे।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने राजधानी के सभी जिलों में एक मिनी सचिवालय बनाने के निर्देश दिए हैं। अन्य समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी डीएम की होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भ्रष्टाचार को कतई न सहने की नीति अपनाने और विभिन्न विभागों की सेवाओं को एक स्थान पर लाने के लिए जिलाधिकारियों (डीएम), उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और उप-रजिस्ट्रार के कार्यालयों में शिकायत और सुझाव पेटियां लगाने के भी आदेश दिए थे।

## अवैध निर्माण की शिकायत करने का सीधे तौर पर कोई हक नहीं

- एमसीडी को इन संपतियों पर कार्रवाई करनी चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि एक पड़ोसी को अवैध निर्माण की शिकायत करने का सीधे तौर पर कोई अधिकार नहीं होता। वह ऐसा तभी कर सकता है जब इस निर्माण से उसके घर या उससे संबंधित स्थल पर प्रकाश या हवा प्रभावित हो रही हो।

जस्टिस मिनी पुष्करणा की बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि शिकायतकर्ता काम से प्रभावित नहीं हो रहा और अवैध निर्माण वाली संपति का पड़ोसी नहीं है तो उसे शिकायत करने का अधिकार नहीं है।

बेंच ने करोल बाग इलाके में 15 जगहों पर अवैध निर्माण की शिकायत करने वाले व्यक्ति की सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। हालांकि, बेंच ने अपने फैसले में यह भी कहा कि बेशक किसी व्यक्ति विशेष को इस तरह के अवैध निर्माण की शिकायत करने का अधिकार नहीं है, लेकिन अवैध निर्माण पाए जाने पर एमसीडी को इन संपतियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।





**एमसीडी ने कहा, कार्रवाई जारी :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने जवाब दाखिल करते हुए कहा कि सभी संपतियों का निरीक्षण किया गया है। कुछ संपतियों में पाया गया है कि बिल्डिंग प्लान के एवज में गलत बयाजबाजी की गई थी। एक संपति पर पांच भवन योजनाओं को मंजूरी दी गई थी, लेकिन निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर इनके खिलाफ अनधिकृत निर्माण की श्रेणी में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मामले में हाईकोर्ट ने एमसीडी को कार्रवाई करने को कहा है। वहीं, इन इमारतों के मालिकों को भी स्वतंत्रा दी है कि यदि उन्हें लगता है कि उनके द्वारा किया गया निर्माण सही है तो वह भी न्यायालय में अपना पक्ष रख सकते हैं।

### 15 संपतियों पर की थी शिकायत

एक व्यक्ति ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि करोल बाग इलाके में 15 ऐसी जगह हैं, जहां अवैध निर्माण किया गया है। कुछ जगहों पर अवैध निर्माण जारी है, लेकिन एमसीडी इन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। इस पर बेंच ने कानून का हवाला देते हुए कहा कि अवैध निर्माण की शिकायत की आड़ में कई तरह के गैरकानूनी काम चल रहे हैं। इन अवैध निर्माण से संबंध ना रखने वाले व्यक्ति की इन शिकायतों पर सुनवाई उचित नहीं है।

## रूस कागजी शेर तो नाटो क्या है, ट्रंप पर भड़के पुतिन; भारत पर फिर जताया भरोसा

**मास्को, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। दोनों देश एक- दूसरे पर लगातार हमले कर रहे हैं। इस बीच रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने एक अहम एलान किया है।

दरअसल, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को दक्षिणी रूस में एक विदेश नीति मंच को संबोधित करते हुए यूरोप के सैन्यीकरण का महत्वपूर्ण जवाब देने का वादा किया है।

चूंकि रूस से यूक्रेन में सेना भेजने के बाद रूस और यूरोपीय संघ के बीच संबंधों में गिरावट आ गई है। इसके कारण यूरोपीय संघ को अपनी रक्षा को मजबूत करना पड़ा। क्या बोले रूस के राष्ट्रपति पुतिन?



रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि हम यूरोप के बढ़ते सैन्यीकरण पर कड़ी नजर रख रहे हैं। रूस द्वारा जवाबी कार्रवाई में ज्यादा समय नहीं लगेगा। ऐसे खतरों का जवाब बहुत महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने आगे कहा कि रूस कभी भी कमजोरी या अनिर्णय नहीं दिखाएगा।

गौरतलब है कि डेनमार्क में ड्रोन के हमलों और मॉस्को द्वारा एस्टोनिया और पोलैंड में हवाई घुसपैठ ने इस आशंका को और बढ़ा दिया है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध यूरोप की सीमाओं से आगे बढ़ सकता है।

अपने संबोधन के दौरान पुतिन ने यूरोप पर बढ़ते सैन्य खर्च का बहाना बनाने के लिए उन्माद भड़काने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि रूस कोई खतरा नहीं है। रूसी राष्ट्रपति ने सभी से शांत रहने को कहा है। अपने संबोधन में पुतिन ने दावा किया कि रूस यूक्रेन में नाटो गठबंधन से लड़ रहा है। वहीं, इस दौरान पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति के उस बयान का भी मजाक उड़ाया, जिसमें कहा गया कि रूस एक कागजी शेर है।

## भूकंप के झटकों से हिली धरती, रिक्टर स्केल पर 5.5 रही तीव्रता...दहशत में लोग

**वेस्ट पापुआ, एजेंसी।** इंडोनेशिया के वेस्ट पापुआ इलाके में आज सुबह 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज़ ने दी है। भूकंप का केंद्र वेस्ट पापुआ क्षेत्र में दर्ज किया गया। यह 10 किलोमीटर की गहराई (करीब 6.2 मील) पर आया, जिसे अपेक्षाकृत उथला भूकंप माना जाता है। इस तरह के भूकंप आमतौर पर ज़्यादा नुकसानदेह साबित हो सकते हैं क्योंकि झटके सतह पर तेज़ी से महसूस होते हैं।

स्थानीय प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव टीमों को अलर्ट कर दिया है। अधिकारियों ने कहा है कि झटकों के बाद आफ्टरशॉक्स (भूकंप के बाद आने वाले हल्के झटके) आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। आसपास के क्षेत्रों में इमारतों और जनजीवन पर असर की जांच की जा रही है। भूकंप के झटके तीव्र थे कि लोग इससे दहशत में आ गए। इंडोनेशिया का यह इलाका पैसिफिक ÷रिंग ऑफ फायर÷ में आता है। यह वह क्षेत्र है जहां दुनिया के सबसे ज़्यादा भूकंप और ज्वालामुखी गतिविधियां होती हैं। हर साल इंडोनेशिया में सैकड़ों छोटे-बड़े भूकंप दर्ज किए जाते हैं। 2018 में यहां आए भयंकर भूकंप और सुनामी में हज़ारों लोगों की जान चली गई थी। अभी तक किसी तरह के बड़े नुकसान या हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और ऊँची इमारतों या समुद्र तट के पास जाने से बचने की अपील की है।

## फ्रांस में बजट कटौती के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**पेरिस, एजेंसी।** अगले साल के बजट में भारी कटौती की योजनाओं के खिलाफ ट्रेड यूनियनों की ओर से आयोजित हड़ताल में गुरुवार को 85 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। उन्होंने मार्च निकाला। इसमें शिक्षक और स्वास्थ्य कर्मचारी सहित अन्य शामिल हुए। इसके कारण एफिल टावर बंद करना पड़ा। ये राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू पर दबाव बनाए हुए हैं। ट्रेड यूनियन नेता सार्वजनिक सेवाओं पर अधिक खर्च, सेवानिवृत्ति की आयु में वृद्धि को वापस लेने और अमीरों पर अधिक कर लगाने की मांग कर रहे हैं। इनमें फ्रांस के सबसे बड़े संघ, सीएफडीटी और कट्टरपंथी सीजीटी के नेता शामिल हैं। सीजीटी की महासचिव सोफी बिनेट ने बताया, पिछले बजट प्रस्ताव में श्रमिकों से संबंधित सभी कटौती को हमेशा के लिए खत्म करना होगा। पिछले प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू को 44 अरब यूरो के बजट में कटौती की योजना के चलते संसद ने पद से हटा दिया था। हालांकि, गुरुवार को सड़कों पर उतरने वाले लोगों की संख्या पिछले दिनों हुए प्रदर्शनों की तुलना में कम रहा। नैनटेस में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए डोमिनिक मेनियर ने कहा, हमें लड़ाई जारी रखनी होगी, भले ही हममें से ज्यादा लोग न हों। हर बार हमें एक दिन का नुकसान होता है। लेकिन लोकतंत्र आमतौर पर इसी तरह आगे बढ़ता है। सीजीटी यूनियन ने कहा कि फ्रांस में 240 से अधिक जगहों पर प्रदर्शन होने वाले थे, जिनमें डिजान, मेट्ज़, पोइटियर्स और मोंटपेलियर शामिल हैं।

## बवाल के बाद घुटने पर शरीफ सरकार, बातचीत के लिए भेजा दल

### दस लोगों की हो चुकी है मौत

**मुजफ्फराबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में बीते कई दिनों से चल रहे हिंसक प्रदर्शन के चलते हालात बेकाबू और बेहद तनावपूर्ण बने हुए है। इन प्रदर्शनों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की कार्रवाई से अब तक कम से कम दस लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। ऐसे में हिंसा के दिन-प्रतिदिन बढ़ते स्वरूप के मद्देनजर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ हरकत में आते हुए नजर आ रहे है। इसके तहत उन्होंने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एक उच्चस्तरीय वार्ताकार समिति को पीओजेके भेजा है।

बता दें कि प्रधानमंत्री शाहबाज



शरीफ की तरफ से भेजी गई आठ सदस्यीय समिति में केंद्रीय मंत्री अहसन इकबाल, आमिर मुकाम, सरदार मोहम्मद यूसुफ, राणा सनाउल्ला, डॉ. तारिक फजल चौधरी, पीपीपी के नेता राजा परवेज अशरफ, क़मर जमां कैरा पूर्व पीओजेके राष्ट्रपति सरदार मसूद खान और इनके साथ पीओजेके के प्रधानमंत्री चौधरी अनवरुल हक भी शामिल है।

यह समिति जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) के प्रतिनिधियों से वार्ता कर रही है, जो वहां के जन आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। वार्ता गुरुवार को मुख्य सचिव कार्यालय के कमेटी रूम में शुरू हुई और देर रात तक चली। शुक्रवार को भी बातचीत जारी रहने की उम्मीद है। अब पीओजेके के लोगों की मांग की बात करे तो जेकेजेएएसी के नेता शौकत नवाज मीर ने बताया कि पीओजेके के लोगों की प्रमुख मांगों में 12 रिफ्यूजी सीटों को खत्म करना, वीआईपी और एलीट वर्ग को मिलने वाली विशेष सुविधाएं बंद करना, जून 2019 के हाईकोर्ट के फैसले को लागू करना, हेल्थ कार्ड योजना लागू करना शामिल है। इसके अलावा, आंदोलनकारियों की मांग है कि मुजफ्फराबाद, धिरकोट और अन्य इलाकों में मारे गए निर्दोष प्रदर्शनकारियों की हत्या के दोषियों को गिरफ्तार कर सजा दी जाए।

गौरतलब है कि प्रदर्शन पीओजेके में लगातार बढ़ती महंगाई, बिजली संकट और बुनियादी सुविधाओं की कमी के खिलाफ शुरू हुआ। आंदोलन ने उस समय उग्र रूप ले लिया जब सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें कई लोग मारे गए। गुरुवार को भी क्षेत्र में पूरी तरह शटर डाउन और व्हील-जाम हड़ताल रही। सोमवार से संचार सेवाएं भी ठप हैं। हालांकि गुरुवार को किसी नए हिंसक घटना की खबर नहीं आई।

# जब भारत उड़ान भरता है, तो झूठ जमीन पर गिर जाता है: सिंघवी

## – ऑपरेशन सिंदूर के बयान पर कांग्रेस नेता अजय को पार्टी के ही नेता ने घेरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर पर शक जाहिर करने वाले कांग्रेस नेता अजय राय घिरते नजर आ रहे हैं। बता दें शुक्रवार को एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और सीडीएस उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर अपने बयान पर पाकिस्तान को लताड़ा था। इनके संबोधन के बाद कांग्रेस नेता ने कटाक्ष करते हुए कहा था कि 'कुछ तो गड़बड़' है। दरअसल, उन्होंने एयर चीफ मार्शल और सीडीएस के बयान को विरोधाभासी बताया था। बीजेपी ने हमला करते हुए उनको सेना के मनोबल गिराने का आरोप लगाया था। लेकिन, अब अजय राय अपनी पार्टी के नेता से घिरते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने एक्स पर सेना और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पोस्ट किया है।

सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल खड़ा करने वाले अजय राय अपनी ही पार्टी के नेता के बयान से घिरते हुए नजर आ रहे हैं। सिंघवी ने एक्स पर पोस्ट के जरिए पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। दरअसल, सिंघवी ने लिखा- भारतीय तथ्य पाकिस्तानी दुष्प्रचार से ज्यादा ज़ोरदार है। जैसा कि भारतीय वायुसेना प्रमुख ने पुष्टि की है, पाकिस्तान के 'शीर्ष हथियार' एफ-16 और जेएफ-17 उनके झूठे बयानों से भी तेजी से गिरे। जब भारत उड़ान भरता है, तो झूठ जमीन पर गिर जाता है! सिंघवी के इस पोस्ट से तो अजय राय के सवाल भी बिखर कर गिर गए होंगे।

एयरफोर्स के 93वें स्थापना दिवस पर वायुसेना प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा था कि 'ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कई एयरफील्ड और एसेस्ट्स का नुकसान हुआ। इंटेलिजेंस रिपोर्ट के मुताबिक उनके 3 हैंगर और टारमेक को निशाना बनाया गया। हमने 6-7 एयरक्राफ्ट को मार गिराया, जो कि उन जगह पर मौजूद थे। इसमें जे-130 और एफ-16 हो सकते हैं। साथ ही हमने एक लॉन्ग रेंज स्ट्राइक में पाकिस्तान के 5 हाईटेक फाइटर मार गिराए हैं।

वायुसेना अध्यक्ष और थल सेनाध्यक्षों के बयान के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल खड़ा कर दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर सफाई दी जा रही है। इससे साबित होता है कि कुछ तो गड़बड़ है। इनके तमाम आला अधिकारी भी अलग-अलग बयान देते हैं। जो दर्शाता है कि अंदर कुछ बहुत गंभीर चल रहा है। पीएम मोदी को देश के लोगों के सामने सब कुछ साफ करना चाहिए।

## सरकार जज, जूरी और जल्लाद नहीं बन सकती, बुलडोजर एक्शन कानून का उल्लंघन : सीजेआई गवई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई का कहना है, कि भारतीय न्याय व्यवस्था रूल ऑफ लॉ यानी कानून के शासन से चलती है, इसमें बुलडोजर एक्शन की जगह नहीं है। सीजेआई मॉरीशस में आयोजित सर मॉरिस रॉल्ट मेमोरियल लेक्चर 2025 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल के फैसले में स्पष्ट किया था कि किसी आरोपी के खिलाफ बुलडोजर चलाना कानून की प्रक्रिया को तोड़ना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीजेआई ने कहा कि सरकार एक साथ जज, जूरी और जल्लाद नहीं बन सकती। बुलडोजर शासन संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। लेक्चर के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल, पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम और मुख्य न्यायाधीश रेहाना मंगली गुलबुल भी मौजूद थे। सीजेआई गवई ने तीन तलाक खत्म करने, व्यभिचार कानून को निरस्त करने, चुनावी बॉन्ड स्कीम और निजता को मौलिक अधिकार मानने जैसे फैसलों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन सभी फैसलों ने दिखाया कि कोर्ट ने रूल ऑफ लॉ को एक ठोस सिद्धांत बनाया है, जिससे मनमाने और अन्यायपूर्ण कानून खत्म किए गए। चीफ जस्टिस गवई ने कहा कि भारत में रूल ऑफ लॉ केवल नियमों का सेट नहीं है, बल्कि यह नैतिक और सामाजिक ढांचा है, जो समानता, गरिमा और सुशासन तय करता है। उन्होंने महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान का हवाला देते हुए कहा कि उनका दृष्टिकोण बताता है कि लोकतंत्र में कानून का राज ही समाज को न्याय और जवाबदेही की ओर ले जाता है।

## नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम लोकनेते डीबी पाटिल होगा, सीएम फडणवीस ने घोषणा की

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की है कि नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम आधिकारिक तौर पर लोकनेते डीबी पाटिल नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा जाएगा। यह निर्णय नवी मुंबई और आस-पास के क्षेत्रों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है और दिवंगत लोकनेते दिनकर बालू पाटिल के किसानों के अधिकारों और क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करता है। इस नामकरण प्रस्ताव को महाराष्ट्र राज्य मंत्रिमंडल और राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों द्वारा मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने भी यह मामला रखा गया है, जिन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। केंद्र सरकार हवाई अड्डों के नामकरण के लिए एक व्यापक नीति तैयार कर रही है। इस नीति को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही राज्य सरकार के स्वीकृत प्रस्ताव के आधार पर हवाई अड्डे के नामकरण को आधिकारिक स्वीकृति प्रदान की जाएगी। हवाई अड्डे का नाम लोकनेते डीबी पाटिल के नाम पर रखने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान दर्ज सभी लंबित पुलिस मामलों को वापस लेने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसरों से वंचित होने से बचाना है। कोविड-19 अवधि के दौरान दर्ज मामलों को भी कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा हिमाचल की जनता से किए वादे निभाए : अनुराग ठाकुर



मदुरै (एजेंसी)। मंडी,(ईएमएस)। भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंडी में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा हिमाचल की जनता से किए वादे निभाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए मोदी सरकार ने कई बड़े प्रोजेक्ट और हजारों-करोड़ की योजनाओं को लागू किया है। सांसद ठाकुर ने राज्य सरकार पर निशाना साधकर कहा, 'जब अपनी विफलताओं के लिए जनता सवाल पूछ रही है, तब कांग्रेस सरकार आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने में लगी है। मगर हिमाचल की जनता अच्छी तरह जानती है कि प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं, वहां करके दिखाते हैं। भाजपा सांसद ने दावा किया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है और हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। सांसद ठाकुर ने कांग्रेस पर प्रहार कर कहा कि जनता को गुमराह करने की राजनीति ज्यादा दिन नहीं चल पाएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रदेश की जनता भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी की विकासपरक नीतियों पर फिर विश्वास जताएगी।

## सीमा पर मंडराता दिखा पाकिस्तानी ड्रोन, सुरक्षा बल अलर्ट, तलाशी अभियान जारी

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे गांव के ऊपर पाकिस्तानी ड्रोन मंडराता दिखा। इसे लेकर सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान शुरू कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पाकिस्तान की ओर से शुक्रवार देर रात ड्रोन जैसी एक वस्तु आती दिखी, जो रामगढ़ सेक्टर के नांगा गांव के ऊपर मंडराती रही जिससे सीमावर्ती क्षेत्र में बल सतर्क हो गए। सुरक्षा बलों और पुलिस दलों को इलाके की तलाशी लेने तैनात किया गया कि सीमा पार से नशीले पदार्थों और हथियारों जैसी कोई भी सामग्री गिराई तो नहीं गई। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक तलाशी अभियान जारी था। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर आसपास के गांवों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दूसरी ओर, सीमा पार से हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का अमृतसर में भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से 1.50 किलोग्राम हेरोइन और 12 पिस्तौल बरामद की हैं। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान तरनतारन के गांव मारी मेघा निवासी जोबन सिंह, करणदीप सिंह उर्फ पंडित और अजयपाल सिंह, अमृतसर के गांव रानिया निवासी जशनप्रीत सिंह के रूप में हुई। 16 साल का एक किशोर को भी हिरासत में लिया गया है।

## मुंबई हवाई अड्डे पर दो महिलाओं से 79 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डीआरआई ने एक बड़े ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 79 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि डीआरआई मुंबई की विभागीय इकाई ने बैंकॉक से मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची दो महिला यात्रियों से अवैध रूप से तस्करी कर लाई गई 7.95 किलोग्राम कोकीन जब्त की है। जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 79.5 करोड़ रुपये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैंकॉक से मुंबई पहुंची दो महिला यात्रियों को डीआरआई अधिकारियों ने ख़ुफ़िया जानकारी के बाद हवाई अड्डे पर रोक लिया। उनके सामान की जांच के दौरान खिलौनों के एक पैकेट में छिपाकर रखा गया प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया गया। खिलौनों के एक डिब्बे में सफेद पाउडर के ईंट के आकार के 22 पैकेट छिपाए गए थे। इन सभी पैकेटों को जब्त कर लिया गया और मौके पर ही प्रारंभिक जांच की गई। एनडीपीएस फील्ड किट से की गई जांच में पुष्टि हुई कि वह पदार्थ कोकीन है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों महिलाओं को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

## कंपनियों ने ट्रंप को लेटर लिख बता दिया एच-1बी वीजा फीस बढ़ाने का परिणाम




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1बी वीजा फीस को बढाकर 88 लाख करने के फैसले ने अमेरिकी कंपनियों की नींद उड़ा रखी है। कंपनियों ने पत्र लिखकर ट्रंप को समझा दिया है कि फीस बढ़ाने परिणाम क्या होंगे। लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके अधिकारी किसी की सुनने को तैयार नहीं हैं। पत्र में कहा गया है कि वीसा फीस बढाने से कंपनियों को कुशल कर्मचारी मिलने में बहुत कठिनाई होगी और उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उद्योग तबाह हो जाएंगे और अमेरिकी अर्थव्यवस्था गर्त मे चली जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को ट्रंप को भेजे गए एक पत्र में, चिपमेकर, सॉफ्टवेयर कंपनियों और रिटेलर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले करीब दर्जनभर उद्योग संगठनों ने कहा कि नया वीजा शुल्क विदेशी प्रतिभा से अमेरिकी कंपनियों को वंचित कर देगा और बहुत से महत्वपूर्ण पद खाली रहे जाएंगे। जिन उद्योग संगठनों ने पत्र लिखा है कि उनमें माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, वॉलमार्ट जैसी बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। ये कंपनियां वर्षों से ये कंपनियां एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम पर निर्भर रही हैं। पत्र में उद्योगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वह एच-1बी कार्यक्रम में सुधार करें, लेकिन ऐसे बदलाव न करें जो कंपनियों के लिए अतिरिक्त बोझ बनें। उन्होंने लिखा, हम चाहते हैं कि प्रशासन उद्योग के साथ मिलकर सुधार करे, न कि कंपनियों की भर्ती, प्रशिक्षण और प्रतिभा बनाए रखने की चुनौतियों को और बढ़ाए। सेमीकंडक्टर उद्योग संगठन, नेशनल रिटेल फेडरेशन, बिज़नेस सॉफ्टवेयर एलायंस और एंटरटेनमेंट सॉफ्टवेयर एसोसिएशन जैसे समूहों ने भी पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इन सभी ने स्पष्ट किया कि वे प्रशासन के साथ मिलकर सुधार करने के लिए तैयार हैं, लेकिन नए शुल्क से कंपनियों की प्रतिभा आपूर्ति श्रृंखला खतरे में पड़ सकती है।

# वांगचुक की गिरफ्तारी पर मगरमच्छ के आँसू बहाने वाली कांग्रेस... आपातकाल भूल गई क्या

## बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने फिर कांग्रेस पार्टी की जमकर खिंचाई की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने फिर कांग्रेस पार्टी की फिर जमकर घेराबंदी की है। सांसद दुबे ने सोनम वांगचुक का समर्थन करने पर कांग्रेस की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने आपातकाल के दौरान बीजेपी के वरिष्ठ नेता विजया राजे सिंधिया और आंध्रप्रदेश के पूर्व राज्यपाल भीम सेन सच्चर की गिरफ्तारी का हवाला देकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यों को लेकर कांग्रेस पर तंज कस दिया है।

बीजेपी सांसद दुबे ने कांग्रेस से सवाल किया कि आप किस संविधान का हवाला दे रहे हैं, जब 1975 में बीजेपी की संस्थापक सदस्य और ग्वालियर राजघराने की महारानी राजमाता सिंधिया को गिरफ्तार किया था। उनके घर पर आयकर विभाग के छापे पड़े थे। सांसद दुबे ने कहा कि उन्हें और गायत्री देवी को तिहाड़ जेल की उस कोठरी में बंद किया गया था, जहां शौचालय की सुविधा तक नहीं थी और आप आज महिला सशक्तिकरण की दम भर रहे हैं।

बीजेपी सांसद ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के पीछे विदेशी ताकत का होने का आरोप लगाकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग पूरी की। सांसद ने कहा कि आज आप वांगचुक की बात कर रहे हैं। लद्दाख में लोग मारे गए। वांगचुक पहले केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा मांगते थे।

सांसद ने कहा लेकिन वांगचुक अब एक विदेशी ताकत के शामिल होने के बाद, वे राज्य का दर्जा मांग रहे हैं। कांग्रेस ने बीते 30 सालों में कुछ नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने आपको केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दे दिया।

बीजेपी सांसद ने स्वतंत्रता सेनानी और आंध्र प्रदेश के पूर्व राज्यपाल सच्चर की गिरफ्तारी का जिक्र कर कहा कि पुलिस ने उन्हें जमीन पर घसीटकर गिरफ्तार किया था। और आप लोकतंत्र की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए।

बीजेपी सांसद दुबे ने पोस्ट में लिखा कि इंदिरा गांधी ने ग्वालियर की महारानी और भाजपा की संस्थापक राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी को तिहाड़ जेल में मृत्युदंड की कोठरी में बंद करवाया था, जहाँ शौचालय की भी सुविधा नहीं थी। उन्होंने लिखा कि हैरानी की बात है कि सिर्फ एक पत्र लिखने के लिए, स्वतंत्रता सेनानी और आंध्र प्रदेश के पूर्व राज्यपाल भीम सेन सच्चर साहब को 82 साल की उम्र में पुलिस यातनाओं के साथ जेल भेजा गया था। आज यही कांग्रेस लद्दाख हिंसा के बाद गिरफ्तार लोगों के लिए मगरमच्छ के आँसू बहा रही है।

बीजेपी सांसद की यह टिप्पणी तब आई है, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने वांगचुक की गिरफ्तारी का विरोध किया है और केंद्र से लद्दाख के लोगों से उनकी राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की माँग पर बातचीत करने का अनुरोध किया है।

## अभिनेता संजय दत्त पर भड़की कांग्रेस कहा– नायक नहीं... नालायक है तू...

मुंबई (एजेंसी)। फिल्म अभिनेता संजय दत्त ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस की जमकर तारीफ कर दी। उनका एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें वे संघ के सौ साल पूरे होने पर उसकी तारीफ करते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस को यह पसंद नहीं आया और देश की सबसे पुरानी पार्टी ने संजय दत्त को नालायक तक कह दिया। कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने संजय दत्त पर बेहद कड़ा प्रहार करते हुए कहा, नायक नहीं, खलनायक है तू। अपने पिता का नालायक है तू। बता दें कि संजय दत्त के पिता सुनील दत्त कांग्रेस के दिग्गज नेता हुआ करते थे। वह सांसद भी रहे। वहीं, उनकी बहन प्रिया दत्त भी कांग्रेस से जुड़ी हैं। संजय दत्त ने दोनों की विचारधारा के विपरीत जाकर संघ की प्रशंसा की है। सुरेंद्र राजपूत के बयान पर अब तक संजय दत्त की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। संजय दत्त ने 2 अक्टूबर के दिन अपने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने कहा था, संघ हमेशा देश के साथ खड़ा रहा है, खासकर संकट और मुश्किल समय में। इस बयान के बाद से ही सोशल मीडिया पर विवाद और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। बता दें कि संजय दत्त पहले कई विवादों में घिरे थे। 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस में उन्हें गैरकानूनी हथियार रखने के आरोप में टाडा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। बाद में वे टाडा के आरोपों से बरी हुए, लेकिन आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाए गए और उन्हें जेल की सजा भी काटनी पड़ी थी।

# सावधान महाराष्ट्र ! आज से लेकर 7 तक कभी भी दस्तक दे सकता है चक्रवात शक्ति



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के कई इलाकों के लिए संकट खड़ा कर सकता है चक्रवात शक्ति। आज यानी शनिवार से लेकर 7 अक्टूबर तक कभी ये तूफान दस्तक दे सकता है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग आदि जिलों में इसका असर दिखाई देगा। यहां 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

आईएमडी के मुताबिक, समुद्री स्थिति खराब होने के कारण उत्तरी महाराष्ट्र तट पर 5 अक्टूबर तक समुद्र की सतह पर बदलाव देखने को मिलेगा। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। महाराष्ट्र के आंतरिक हिस्सों जैसे पूर्वी विदर्भ और मराठवाड़ा के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। साथ ही, उत्तरी कोंकण के निचले इलाकों में घने काले बादल छाए रहेंगे। इस दौरान वातावरण में नमी की घुसपैठ के कारण भारी बारिश होगी और बाढ़ की संभावना जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह चेतावनी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के लिए है। 4 से 5 अक्टूबर के बीच उत्तरी महाराष्ट्र तट पर हवा की गति 45-55 किमी प्रति घंटा और झोंके के साथ 65 किमी प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है। चक्रवात की तीव्रता के आधार पर हवा की गति बढ़ सकती है। हालातों को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने चक्रवात शक्ति की चेतावनी को देखते हुए कुछ निर्देश जारी किए हैं। जिला प्रशासनों को अपने आपदा प्रबंधन सिस्टम सक्रिय करने, तटीय और निचले इलाकों में नागरिकों के लिए निकासी योजनाएं तैयार करने, पब्लिक एडवाइजरी जारी करने और समुद्री यात्रा से बचने की सलाह शामिल है। इसके अलावा, भारी बारिश के दौरान सुरक्षा उपाय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# करुर भगदड़ के बाद हाईकोर्ट का आदेश: हाईवे पर नहीं होगी रैली और रोड शो



**चैन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के करुर की रैली में मची भगदड़ के बाद मद्रास हाईकोर्ट ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। कोर्ट ने आदेश देते हुए कहा कि हाईवे राजैनिक रैलियां और रोड शो के लिए नहीं है। इस पर तत्काल रोक लगाएं। अदालत ने यह आदेश 4 जनहित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान पारित किया गया। इनमें अभिनेता से नेता बने विजय और उनकी पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) की रैली के दौरान भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश मांगे गए थे। यह पाबंदी तब तक लागू रहेगी जब तक ऐसे आयोजनों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार नहीं हो जाती।

राज्य सरकार ने अदालत को आश्वासन दिया कि जब तक एसओपी तैयार नहीं हो जाती, तब तक राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्धारित स्थानों को छोड़कर किसी भी सभा की इजाजत नहीं दी जाएगी। जज सेंथिलकुमार ने तमिलनाडु पुलिस की हाल ही में विजय के कैंपेन बस से संबंधित दुर्घटना को लेकर कड़ी आलोचना की। उन्होंने पूछा कि क्या कोई मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, केस दर्ज करने से क्या रोकता है? भले ही कोई शिकायत न दी जाए, पुलिस को स्वयं मामला दर्ज करना चाहिए।

### जमानत याचिका खारिज, एसआईटी गठित

हाई कोर्ट ने टीवीके के दो सीनियर पदाधिकारियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। ये याचिकाएं 27 सितंबर को करूर में पार्टी की रैली में हुई भगदड़ के सिलसिले में दायर की गई थीं। अदालत ने टीवीके के प्रदेश महासचिव बुस्सी एन आनंद और उप महासचिव सीटीआर निर्मल कुमार की याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिन्हें घटना के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी में नामजद किया गया है।मद्रास उच्च न्यायालय ने भारतीय पुलिस सेवा के सीनियर अधिकारी असरा गर्ग के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया, जो 27 सितंबर को प्रदेश के करूर में विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ की जांच करेगा।

# रेलवे भर्ती संकट: मौतों और बेरोज़गारी की बढ़ती चुनौती, एनसीबीआर के आंकडे कर रहे पुष्टि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय रेलवे न केवल एशिया का सबसे बड़ा नियोक्ता है बल्कि करोड़ों युवाओं के लिए रोज़गार का प्रमुख स्रोत भी है। हर साल लाखों युवा इसकी नौकरी पाने का सपना देखते हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में रेलवे भर्ती प्रक्रिया में लेट-लतीफी ने युवाओं के विश्वास को झकझोर कर रख दिया है और वहीं दूसरी तरफ मौतों की संख्या बढ़ा दी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीबीआर) के आंकड़े इस गंभीर स्थिति की पुष्टि करते नजर आ रहे हैं।

रेलवे में नौकरी पाने के लिए हर साल ग्रुप-डी से लेकर तकनीकी और क्लर्क पोस्ट तक हज़ारों-लाखों आवेदन युवा करते हैं। हालांकि, कई बार विज्ञापन निकलने के बावजूद परीक्षाएं स्थगित कर दी जाती हैं या रिज़ल्ट समय पर जारी नहीं होते हैं। कभी-कभी नियुक्ति पत्र मिलने में सालों लग जाते हैं। इस लगातार लंबित प्रक्रिया ने बेरोज़गार युवाओं को निराशा की गहरी खाई में धकेलने का काम किया है। एनसीबीआर के आंकड़ों से पता चलता है कि रेलवे से जुड़ी मौतों में लगातार इज़ाफ़ा हुआ है। इनमें आत्महत्या, दुर्घटनाएं और असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में होने वाली मौतें शामिल हैं। विशेषकर युवाओं का बड़ा हिस्सा उन उम्मीदों के टूटने की वजह से ट्रैक या अन्य स्थानों पर अपनी जान गंवा रहा है। कई राज्यों में युवाओं ने स्पष्ट रूप से लिखा है, कि रेलवे भर्ती न होने के कारण जीवन बेकार हो गया। आरोप है कि सरकार की संवेदनहीनता इस संकट को और गंभीर बना रही है। बार-बार स्थगित परीक्षाओं और अधूरी भर्ती प्रक्रिया ने युवा आंदोलनों और धरनों को जन्म दिया। 2022 में देशभर में आरआरबीएग्जाम और रेलवे रिक्वायरमेंट जैसे हैशटैग के माध्यम से लाखों उम्मीदवारों ने अपनी नाराज़गी जताई। कई जगह पुलिस कार्रवाई भी हुई, लेकिन समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं निकला।

विशेषज्ञों का कहना है कि रेलवे भर्ती प्रक्रिया को तुरंत पारदर्शी और समयबद्ध बनाना होगा। इसके साथ ही बेरोज़गार युवाओं के लिए वैकल्पिक रोज़गार, स्किल डेवलपमेंट और कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम को मज़बूत किया जाना आवश्यक है। युवाओं के प्रति सरकार का संवेदनशील रवैया ही इस संकट का स्थायी समाधान साबित हो सकता है। रेलवे भर्ती केवल नौकरी का अवसर नहीं है, बल्कि लाखों युवाओं के सपनों की डोर है। जब यह डोर टूटती है तो न केवल परिवार बिखरते हैं बल्कि देश का भविष्य भी संकट में पड़ता है। एनसीबीआर के आंकड़े चेतावनी हैं कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो बेरोज़गारी और आत्महत्याओं का यह सिलसिला और तेज़ हो जाएगा।




स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447